


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 23 जुलाई 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 177 | मूल्य - 5 रुपये












# दिल्ली में जंतर मंतर के पास फिर हंगामा, प्रदर्शनकारियों की आड़ में गुंडों ने पुलिस पर किया अटैक, एसीपी विवेक भगत घायल

नई दिल्ली।

***दिल्ली के जंतर मंतर पर बुधवार रात एक बार फिर से हंगामा और बवाल शुरू हो गया। टॉलस्टॉय मार्ग पर प्रदर्शनकारियों ने एक बार फिर से पुलिस पर हमला किया है। दिल्ली के कनॉट प्लेस के टॉलस्टॉय मार्ग के पास रात 8.30 बजे के आसपास प्रदर्शनकारियों की आड़ में गुंडों ने एक बार फिर पुलिस पर हमला किया। अचानक भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर पत्थर और बोतल***

से हमला किया जिसमें एसीपी कनॉट प्लेस विवेक भगत घायल हुए हैं। उनको खुद सीनियर अफसर आरएमएल अस्पताल लेकर गए हैं। प्रदर्शन स्थल के पास पार्क होटल के सामने प्रदर्शनकारियों ने कुछ पुलिसकर्मियों को घेर लिया था। जानकारी के अनुसार, पुलिसकर्मियों को छुड़ाने के लिए पहुंचे एसीपी विवेक भगत इसी दौरान घायल हो गए। बताया जा रहा है कि उनके सिर पर डंडे से वार किया गया, जिससे उन्हें चोट आई। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, रात करीब 9 बजे के आसपास इलाके में इंटरनेट सेवाएं बंद किए जाने का संदेश भी जारी हुआ। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस की मौजूदगी लगातार बढ़ाई गई है और अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। स्थिति पर पुलिस की कड़ी नजर है और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। घटना से जुड़े कुछ वीडियो सामने आए। जिसमें प्रदर्शनकारियों के हाथ में भी लाठी दिख रही है। वो पुलिसकर्मियों पर हमला कर रहे हैं। जवाब में पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। इससे पहले 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी (छ्छ्क्क) के संसद मार्च के दौरान झड़प हुई थी। प्रदर्शनकारी संसद गेट के करीब पहुंच गए थे। उन्हें हटाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया गया था। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक नई दिल्ली इलाके में इंटरनेट बंद होने के बावजूद जंतर मंतर और कनॉट प्लेस के इलाके टॉलस्टॉय मार्ग, जनपथ पर सबसे ज्यादा मैसेजिंग हो रही है। नेटवर्क कनेक्शन और एसएमएस इन इलाकों में सबसे ज्यादा एक्सचेंज किए जा रहे हैं। क्या जंतर मंतर पर बैठे प्रदर्शनकारियों की तरफ से नई दिल्ली में मौजूद प्रदर्शनकारियों को हिंसा का आदेश दिया जा रहा है? साजिश के ऐसे सबूत मिल रहे है जिनपर पुलिस की अलग तफ्तीश जारी है। बता दें कि आज जो हालात हैं, जंतर मंतर से इसी तरह की तस्वीरें कल रात भी आई थी। कल रात को जंतर मंतर के आसपास के इलाके में फिर हिंसा हुई, कनॉट प्लेस के पास आरएएफजवानों को पीटा गया। भीड़ ने आरएएफजवान को नीचे गिरा दिया, लात घूंसों से बुरी तरह उसकी पिटाई की और गंदी-गंदी गालियां दी। आरएएफजवान बुरी तरह घिर चुका था, भीड़ उस पर टूट पड़ी। बड़ी मुश्किल से उसकी जान बची थी।

## पटना में बवाल, पुलिस से भिड़ गए प्रदर्शनकारी

दिल्ली से शुरू हुआ छात्रों का प्रदर्शन अब देश के कई शहरों में फैल चुका है। पटना में आज वामपंथी छात्रों के संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन ने जोरदार प्रदर्शन किया। 5 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने आज गांधी भवन से राजभवन की ओर मार्च का ऐलान किया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। पटना में प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए, पुलिस पर पत्थर बरसाए।




# राइस मिल घोटाला मामले में पांच आरोपियों को बॉम्बे हाईकोर्ट से अंतरिम ट्रांजिट अग्रिम जमानत..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के वारासिवनी थाने में दर्ज कथित राइस मिल घोटाला मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ ने पांच आवेदकों को अंतरिम ट्रांजिट अग्रिम जमानत प्रदान की है। यह राहत 27 जुलाई 2026 तक के लिए***




दी गई है। न्यायमूर्ति प्रवीण एस. पाटिल की एकलपीठ ने 20 जुलाई 2026 को सुनवाई करते हुए जयकुमार श्रीराम अग्रवाल, आदित्य हनुमंदास अग्रवाल, शिवशंकर भगवानदास खंडेलवाल, योगेश वल्लभदास खंडेलवाल तथा सीडी सॉर्टेक्स पार्टनरशिप फर्म एवं अन्य की ओर से दायर ट्रांजिट अग्रिम जमानत याचिकाओं पर नोटिस जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई 2026 तय की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि वे वर्ष 2011 से धान एवं चावल के कारोबार से जुड़े हैं और उनके विरुद्ध कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। उनका यह भी कहना था कि 5 जून 2026 को दर्ज एफआईआर में उनके नाम या किसी विशेष भूमिका का उल्लेख नहीं है। साथ ही, उन्हें गिरफ्तारी की आशंका है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के प्रिया इंदोरिया बनाम कर्नाटक राज्य मामले के निर्णय का हवाला देते हुए ट्रांजिट अग्रिम जमानत की मांग की। अदालत ने प्रथम दृष्ट्या तथ्यों पर विचार करते हुए राज्य पक्ष से जवाब प्राप्त होने तक याचिकाकर्ताओं को 27 जुलाई 2026 तक अंतरिम संरक्षण प्रदान करने का आदेश दिया। गौरतलब है कि आदेश में यह भी उल्लेखित किया गया है कि यह आदेश केवल अंतरिम ट्रांजिट अग्रिम जमानत से संबंधित है। इससे आरोप समाप्त नहीं होते और मामले के गुण-दोष पर अंतिम निर्णय अभी होना बाकी है।



# अशोक बर्नवाल म.प्र. के मुख्य सचिव नियुक्त, अनुराग जैन की जगह लेंगे..

भोपाल, (भाषा)।

***भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1991 बैच के अधिकारी अशोक बर्नवाल को बुधवार को मध्यप्रदेश का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।***

बर्नवाल, मुख्य सचिव के रूप में अनुराग जैन का स्थान लेंगे, जिन्हें केंद्र सरकार ने नीति आयोग का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग और भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग में अपर मुख्य सचिव के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहे बर्नवाल को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से मध्यप्रदेश शासन में मुख्य सचिव नियुक्त किया जाता है। अधिकारी ने बताया कि जनवरी 2027 में सेवानिवृत्त होने तक बर्नवाल इस पर पर बने रहेंगे। मूल रूप से झारखंड के रहने वाले बर्नवाल ने माइनिंग इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। विभिन्न विभागों में वह अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी रह चुके हैं।






जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई





# भगत सिंह बनने चले युवक ने जल्द ही मांग ली माफी, कलेक्ट्रेट परिसर में फोड़ा था बम..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर मुख्यालय में नीट पेपर लीक और छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में एक युवक ने कलेक्ट्रेट में युवक प्रदर्शन करते हुए इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए, तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय में नारेबाजी करते हुए सुतली बम फोड़कर अपना आक्रोश जारी किया,***






लेकिन इस घटना के चंद घंटों बाद ही उक्त युवक के अंदर घुसे जज्बाती भगत सिंह ने हथियार डाल दिये, और पुलिस के सामने माफी मांगकर पुरे घटनाक्रम से ही किनारा कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक विडियो वायरल हुआ, जिसके संदर्भ में जानकारी के अनुसार वीडियो में दिखाई दे रहा युवक जिसका नाम सुजल मेश्राम बताया गया है, वह नीट पेपर लीक, छात्रों पर लाठीचार्ज और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ नाराजगी में प्रदर्शन करते हुए इंकलाब जिंदाबाद, भगत सिंह जिंदाबाद, भ्रष्टाचार मुर्दाबाद और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचा, और वहां पर उसने दो बार सुतली बम फोड़ दिये। इससे कुछ ही देर के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, इस घटना के दौरान किसी के घायल होने या बड़े नुकसान घटना नहीं हुई। बताया जा रहा है कि युवक ने यह भी दावा किया था कि आज वो अकेले विरोध कर रहा है, लेकिन आने वाले समय में उसके साथ सैकड़ों युवा जुड़ेंगे और छात्र हितों की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।

उसने भ्रष्टाचार और सरकार के खिलाफ भी जमकर नारे लगाए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर तेजी से साझा किया जा रहा है। हालांकि, इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस और प्रशासन भी हरकत में आया, और फिर युवक के बारे में पता साजी करते हुए उसे पकड़कर उससे जवाबतलब किया गया, जिसके बाद युवक ने माफी भी मांग ली। गौरतलब है कि युवक एक महाविद्यालय का छात्र है, जिसका एक माफीनामा भी वायरल हुआ, जिसमें छात्र युवक ने घटना से संबंधित अपनी गलती स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से लिखित खेद व्यक्त किया है।

पुलिस ने युवक की माफी नामा के उपरांत एक प्रेस नोट जारी किया, जिसमें युवक की ओर से उल्लेखित किया गया है कि छात्र अपने बैग में पटाखा लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर पहुंचा था। इसी दौरान बैग से पटाखा अनजाने में नीचे गिर गया और फूट गया। घटना के बाद छात्र ने 22 जुलाई 2026 को प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर लिखित रूप में अपनी भूल स्वीकार की तथा भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं करने का आश्वासन दिया।

बालाघाट पुलिस ने आमजन, मीडिया एवं सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि इस घटना से संबंधित किसी भी प्रकार की भ्रामक, असत्य या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने तथा क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया है।

# कलेक्टर मृणाल मीना ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्योद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

## प्राकृतिक खेती, फसल बीमा, उद्यानिकी विस्तार, दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने दिए निर्देश..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बुधवार 22 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्योद्योग विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक लेकर विभागों की योजनाओं और प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के***

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफभी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी विभागों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का समय-सीमा में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि किसानों, पशुपालकों और मत्स्य पालकों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए मैदानी स्तर पर सक्रियता बढ़ाई जाए। बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने उप संचालक कृषि को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों का प्राकृतिक खेती के लिए पंजीयन कराया जाए तथा सत्यापन एवं अनुमोदन के बाद सभी प्रकरणों को समय पर पोर्टल पर दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा ई-टोकन के माध्यम से उठाए गए उर्वरकों का नियमित सत्यापन किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि उर्वरकों का उपयोग केवल कृषि कार्यों में हो तथा उनका किसी प्रकार का व्यावसायिक दुरुपयोग न होने पाए।

कलेक्टर श्री मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीफ सीजन में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी फसलों की बुआई समय-सीमा में पूर्ण कराई जाए। साथ ही किसानों को फसल सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए 31 जुलाई तक अधिक से अधिक किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कराया जाए। उन्होंने कृषि विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 'सार्थक ऐप' के माध्यम से नियमित उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि इसी आधार पर वेतन आहरण किया जाएगा। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सहायक संचालक उद्यान को 'वन ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत बैंकों को भेजे गए प्रकरणों में शीघ्र ऋण वितरण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि हितग्राही समय पर अपने उद्योग स्थापित कर सकें। इसके साथ ही जिले में फल, सब्जी एवं अन्य उद्यानिकी फसलों के रकबे में वृद्धि के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मीना ने जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सेक्स-सॉर्टेड सीमेन के माध्यम से अधिक से अधिक मादा पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान कराया जाए, जिससे उच्च गुणवत्ता वाली दुग्ध उत्पादक नस्लों का विकास हो सके। इसके साथ ही अधिक से अधिक पशुपालकों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाएं तथा कामधेनु योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के प्रकरण तैयार कर बैंकों से शीघ्र ऋण उपलब्ध कराया जाए।

मत्स्योद्योग विभाग की समीक्षा में कलेक्टर श्री मीना ने जिले में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से बड़े जलाशयों में अधिक संख्या में केज कल्चर और बायोफ्लॉक इकाइयों की स्थापना पर विशेष बल दिया। उन्होंने सहायक संचालक मत्स्योद्योग को निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक मत्स्य पालकों को इन तकनीकों से जोड़ा जाए, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो और जिले में मत्स्य उत्पादन का स्तर भी बढ़ सके।

बैठक के अंत में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग, समयबद्ध कार्रवाई और बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करे, ताकि जिले के किसान, पशुपालक और मत्स्य पालक अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकें।

# सत्र 2017-18 बी.एच.एम.एस. विद्यार्थीयो का हुआ आखिरकार परमानेंट रजिस्ट्रेशन..

## सरदार पटेल विश्वविद्यालय कुलाधिपति इंजी. दिवाकर सिंह ने छात्र छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य हेतु जताई प्रतिबद्धता..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***महाविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2017-18 में बी.एच.एम.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्र-छात्राओं का नेशनल कमीशन फॉर होम्योपैथी नई दिल्ली के निर्देशानुसार परमानेंट रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई है। इस***

प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 37 छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन लंबित था, जिसे अब पूर्ण कर लिया गया है। इस संबंध में पूर्व में सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई सभी भ्रांतियाँ पूर्णतः निराधार एवं भ्रामक थीं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को साकार करने में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति माननीय इंजी. दिवाकर सिंह, उपकुलाधिपति श्री वीरेश्वर सिंह, डॉ. मंजीत सिंह (संचालक, एस.एम. देव होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल), प्राचार्य डॉ. मनीष पाटिल तथा प्रभारी प्राचार्या डॉ. योगिता बिसेन का महत्वपूर्ण योगदान एवं मार्गदर्शन रहा। संस्था सदैव अपने छात्र-छात्राओं के हितों के प्रति प्रतिबद्ध रही है तथा उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। परमानेंट रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण होने पर सभी



छात्र-छात्राओं में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। यह उपलब्धि उनके उज्ज्वल व्यावसायिक भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी। महाविद्यालय परिवार सभी छात्र-छात्राओं को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल, सफल एवं समृद्ध भविष्य की मंगलकामना करता है।

# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 के लिए प्रभारी अधिकारी एवं क्विज मास्टर नियुक्त..

जगप्रेरणा बालाघाट।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, भोपाल के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफने जिले में आयोजित होने वाली पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 के सफल संचालन के लिए प्रभारी अधिकारी एवं क्विज मास्टर की नियुक्त किये है।

जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 के लिए जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी श्री विकास रघुवंशी को डीएटीसीसी क्विज प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट की उच्च माध्यमिक शिक्षिका डॉ. पुनम मिश्रा को डीएटीसीसी क्विज मास्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जूनियर नेशनल हॉकी चैम्पियनशिप के लिए वीशू मतेल का चयन



जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट हॉकी संघ व नेहरू स्पोंटिंग क्लब के हॉकी खिलाड़ी वीशू मतेल का जूनियर नेशनल हॉकी चैम्पियनशिप के लिए चयन किया गया है। ये जिले के हॉकी खिलाडि़यों व खेल प्रेमी दर्शकों के लिए गौरव की बात है। इस संबंध में बालाघाट हॉकी संघ के अध्यक्ष किरणभाई त्रिवेदी ने बताया कि हॉकी मध्यप्रदेश 16 वीं हॉकी इण्डिया जूनियर मेन नेशनल हॉकी चैम्पियनशिप 2026 प्रदेश से 18 खिलाडि़यों का चयन किया गया है। इसमें जिले के बालाघाट हॉकी संघ के खिलाड़ी वीशू मतेल का चयन किया गया है। उक्त प्रतियोगिता 28 जुलाई से 8 अगस्त तक कोयम्बटूर तमिलनाडू में आयोजित की जा रही है। इसके लिए 23 जुलाई से चयनित खिलाडि़यों के लिए भोपाल में कोचिंग कैम्प लगाया जा रहा है। इसमें खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। बालाघाट हॉकी संघ के खिलाड़ी वीशु मतेल का जूनियर नेशनल हॉकी चैम्पियनशिप के लिए चयन होने पर हॉकी संघ के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी, रमेश रंगलानी, सचिव विजय वर्मा, उपाध्यक्ष साक्षी लिल्हारे, अभय सेठिया, ऋषभदास वैद्य, पूरनसिंह भाटिया, सुशील वर्मा, जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा, मकरंद अंधारे, तुषार मानकर, प्रमोद तिवारी, राधेलाल दौने, राजकुमार शांडिल्य, राजेश सेवईवार, रमेश उके, गोपाल धुर्वे, सत्यम वर्मा, आकाश लिल्हारे, सत्यम बरडे, जावेद खान सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त कर बधाई देते हुए सफलता की कामना की है।




## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।






# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



3 गुरूवार 23 जुलाई 2026
जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# देश में राहुल गांधी ही एक मात्र नेता जो छात्रों, गरीबो, शोषितो एवं वंचितो के अधिकार की आवाज है - कांग्रेस




जगप्रेरणा सिवनी।

***अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कुणाल चौधरी द्वारा जिला कांग्रेस इंदिरा भवन में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा***

आयोजित पत्रकार वार्ता में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष देश के युवाओं की आवाज राहुल गांधी का देश में छात्र संवाद के माध्यम से केंद्र की मोदी सरकार द्वारा छात्रों के भविष्य के साथ किए जा रहे खिलवाड़ एवं बर्बरता को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कुणाल चौधरी ने राहुल द्वारा देश के भविष्य युवा तरूणाई छात्र-छात्राओं की हितो की रक्षा के लि छात्र-संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से केन्द्र की भाजपा सरकार की युवा विरोधी नीति से अवगत कराने एवं छात्रों में अपने अधिकार के प्रति सचेत करने के उद्धेश्य से चलाए जा रहें छात्र संवाद कार्यक्रम को लेकर पत्रकार वार्ता की गई।

पत्रकार वार्ता में कुणाल चौधरी ने पत्रकार बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश का युवा गंभीर शिक्षा और रोजगार संकट से गुजर रहा है प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक भर्ती प्रक्रिया में देरी, बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था की कमजोरी करोड़ों युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रही है देश में राहुल गांधी ही मात्र ऐसे नेता हैं जो मन की बात नहीं युवा, छात्र, बेरोजगार की लडाई लड़ रहे हैं जिस तरह भाजपा सरकार देश के छात्र के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है वह अत्यंत चिन्ता जनक है । अपने हक की लड़ाई लड़ रहे छात्रों पर जिस तरह पुलिस ने लाठियां बरसाई है यह उनके तानाशाह होने का प्रमाण है ।

सिवनी में युवक कांग्रेस द्वारा छात्रों की गूंज कार्यक्रम की अनुमति मिलने के बाद जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग ने भाजपा नेताओं के दबाव में अनुमति निरस्त कर दिया क्या छात्रों को अपने अधिकारों की बात करना जुर्म हो गया है। तानाशाह प्रशासन सत्ता की गुलामी करने में लगा है जुआ सट्टा खिलाने में लगा है ।पत्रकारों के सवालों के जवाब में कुणाल चौधरी ने कहा कि पेपर लीक के मुद्दे को छात्रों की आवाज को कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी ने हर मंच पर उठाया है उन्होंने कोटा, देहरादून में युवा संवाद आयोजित किया लोकसभा मे आवाज उठाया। देश के इतिहास में पहली बार लोकसभा में विपक्ष के नेता माननीय राहुल गांधी जी को प्रधान मंत्री आवास के बाहर छात्रों की मांग को लेकर किये जा रहें लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन में सत्ताधारी भाजपा सरकार के ईशारों पर बर्बरता पूर्वक घसीटकर कर गिफ्तार किया गया, जो कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री आवास के सामने देश के छात्रों की मांग को लेकर किये जा रहें लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन आंदोलन को दबाने के लिए मोदी सरकार द्वारा दुर्भावना पूर्ण कार्यवाही करते हुए राहुल गांधी सहित सभी कांग्रेस सांसदों को गिरफ्तार किया गया जो कि देश में लोकतंत्र के पक्ष में आवाज उठाने वालो पर कार्यवाही की जा रही है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के तानाशाह को दर्शाता हैं। कांग्रेस सरकार में रेल दुर्घटना हो या 26/11 का हमला या कोई भ्रष्टाचार आरोप में मंत्रियों से इस्तीफा लिया जाता था भाजपा सरकार में सत्ताधारियों पर कोई जिम्मेदारी तय नही की गई देश में कितनी बड़ी घटना इनके राज में घटी गई हो इनको कोई फर्क नहीं पड़ता। अनेक बार पेपर लीक होने के बाद भी पूरा विपक्ष देश की छात्र छात्राएं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा जा रहा है नरेंद्र मोदी द्वारा धर्मेंद्र प्रधान का बचाव किया जा रहा है पूरा देश आक्रोशित है इसका परिणाम भारतीय जनता पार्टी को भुगतना पड़ेगा।

पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेश मरावी, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार खुराना, ब्रजेश सिंह बघेल, प्रवक्ता द्वय जेपीएस तिवारी, राजिक अकील, देवी सिंह चौहान, यशपाल भलावी, शिव सनोडिया, रंजीत यादव, आदित्य मोन्टू भूरा, तेजसिंह रघुवंशी, देवेन्द्र ठाकुर, तनवीर अहमद, नितिन डेहरिया, शिवदीप डेहरिया, सुनील पंचेश्वर उपस्थित रहें।

## बेटे को बचाने के लिए मां ने लगाई छलांग..

# मां को बचाया गया लेकिन तेज बहाव में बह गया मासूम, 500 मीटर दूर मिला शव



जगप्रेरणा सिवनी।

***कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिला मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर दूर नागपुर रोड स्थित हरिदर्शन नगर के पास छोटी पुलिया क्षेत्र में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया।***

तेज बारिश के कारण उफनाए नाले के बहाव में 4 वर्षीय मासूम ऋषि यादव पिता लोकेश यादव बह गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक तेज बहाव में मासूम के बहने पर उसकी मां सुनीता यादव बेटे को बचाने के लिए नाले में कूद गईं। स्थानीय लोगों ने मां को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन तेज बहाव के कारण मासूम ऋषि दूर तक बह गया।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम पूर्ति तिवारी, तहसीलदार राधिका पाठक, कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी, होमगार्ड तथा एनडीआरएफकी टीम मौके पर पहुंची। संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाकर लगभग 500 मीटर दूर से मासूम का शव बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि नदी, नाले, पुल-पुलिया और रपटों पर पानी होने की स्थिति में उन्हें पार करने का प्रयास न करें तथा सुरक्षा संबंधी सभी सावधानियों का पालन करें।

# पीजी कॉलेज में बारिश के बीच गरजा युवा कांग्रेस का छात्रों की गूंज कार्यक्रम

### नीट पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि..






जगप्रेरणा सिवनी।

***आज जिला युवा कांग्रेस के तत्वाधान में छात्रों के अधिकारों और संवाद के लिए 'गूंज' कार्यक्रम का आयोजन***

किया गया। पीजी कॉलेज प्रशासन द्वारा अंतिम समय में ऑडिटोरियम की अनुमति रद्द कर दिए जाने के बावजूद छात्रों और युवा नेताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। भारी बारिश और प्रतिकूल मौसम के बीच भी छात्र कॉलेज परिसर में डटे रहे और खुले आसमान के नीचे भीगते हुए अपना संवाद कार्यक्रम सफ्लतापूर्वक पूरा किया।

### नीट परीक्षा के पीड़ितों को श्रद्धांजलि..

कार्यक्रम के दौरान हाल ही में नीट परीक्षा से जुड़े विवादों और मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या करने वाले बेकसूर विद्यार्थियों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### ज्ञापन सौंपने पहुंचे छात्र..

संवाद कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी छात्र-छात्राएं एकजुट होकर अपनी मांगों के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने कलेक्ट्रेट पहुंचे।

### कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित जन..

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से छात्र शक्ति और युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, आदित्य भूरा (अध्यक्ष, जिला युवा कांग्रेस), सागर सिंह बरकाम (जिला उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस), नितिन डेहरिया (सिवनी विधानसभा अध्यक्ष), कुलदीप काकोडिया (बरघाट विधानसभा अध्यक्ष), दुर्गेश नाथ (लखनादौन विधानसभा अध्यक्ष), धनंजय सिंह (जिला अध्यक्ष, सिवनी **NSUI**), प्रखर शर्मा (सिवनी युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष), अभिषेक बबलू डेहरिया (जिला महासचिव)।

### अन्य उपस्थित सदस्य..

शिफकुरेशी, कुलदीप जायसवाल, मनोज सिंह बघेल, शरद बैसले, इंद्र कुमार सेन, संदीप यादव, अभिमन्यु काकोड़िया, नमिता काकोड़िया, शिवराम उईके, ऋषभ सिंह बघेल, संदीप बट्टी, पूजा नाविक आदि युवा कांग्रेसी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मूसलाधार बारिश के चलते जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

### इस बारिश ने किसानों के चेहरे पर लाई खुशी..





जगप्रेरणा सिवनी।

***बिगत 24 घंटे से लगातार चल रही बारिश के चलते आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगभग आठ दिनों बाद हुई मूसलाधार बारिश के कारण भले***

ही आम आदमी को दिक्कत आ रही हो ,लेकिन कृषि से जुड़े हुए किसानों के चेहरे खिल गए हैं क्योंकि वर्तमान में सभी किसानों के खेतों में धान एवं मक्का की बोबनी का कार्य कर चुके है और फसलों की ग्रोथ के लिए पानी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

वहीं दूसरी ओर पानी ना गिरने के कारण लगातार उमस बढ़ रही थी जिससे लोग परेशान थे लेकिन लगातार मूसलाधार बारिश के कारण अब तापमान में भी गिरावट आई है और किसानों को भी राहत मिली है हां यह बात जरूर है कि इस बारिश के कारण जिला मुख्यालय के बाजार एवं शासकीय कार्यालय में होने वाले कार्य बंद रहे लोगों का ग्रामीण अंचलों से शहर आना ना के बराबर हुआ नियमित चलने वाली बसें भी गिने-चुने मार्ग पर ही चली इतना ही नहीं इन दोनों सार्वजनिक रूप से कोई कार्यक्रम न होने के कारण लोगों ने घर पर ही आज का दिन बिताया। ऐसा माना जा रहा है कि इस वर्ष में यह 24 घंटे की लगातार मूसलाधार बारिश पहली बार हुई है और इससे काफी हद तक किसानों को एवं आमजन को राहत मिलेगी लगातार आसपास की नदियां एवं बांध जो लंबे समय से गर्मी के कारण सूख गए थे उनमें भी तूफान देखा गया।

उल्लेखनीय होगा कि शहर से लगे हुए आसपास के गांव में भी जो नॉले इत्यादि बह रहे हैं। वे भी उफान मार रहे हैं, जिला प्रशासन ने नालों के किनारे रहने वाले लोगों बारिश को देखते हुए हटाने के निर्देश दिए हैं। प्राकृतिक आपदा से जुड़ी हुई टीम भी बचाव कार्य में डटी हुई है।


सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे..
हसीब मोहम्मद 7898530101


# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को हुई 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा..



जगप्रेरणा सिवनी।

जिला सिवनी के घंसोर थाना का जघन्य सनसनी खेज का यह मामला दिनांक 24/06/2022 के रात्रि लगभग 09 बजे का है। मनोज कुमार सैयाम मीडिया प्रभारी, सिवनी ने बताया कि पीड़िता उक्त दिनांक को 04 बजे अपने ग्राम से काम एवम दवाई लेने घंसौर आई थी,

पीड़िता को देर हो गई थी साधन नही मिलने से रात्रि के लगभग 09 बजे घर जाने के लिए पहाड़ी चौक के होटल के पास साधन देख रही थी । तभी उस समय उक्त होटल से आरोपी सोनू ऊईके पिता बदामीलाल उईके, उम्र करीब 32 वर्ष, निवासी ग्राम बज्जरवाडा, थाना बावई जिला नर्मदापुरम , तथा आमिर खान पिता अली मोहम्मद उम्र करीब 36 वर्ष, निवासी दातला मजदीद के पास जुनारदेव, थाना जुनार देव, जिला छिंदवाड़ा के खाना खाकर निकले और पीड़िता को बोले की हम लोग तुम्हे तुम्हारे गांव छोड़ देगे ,डरने की कोई बात नही और अपने ट्रक क्रमांक **MP 09/HG /1225** के पास लेकर गए और जबरदस्ती हाथ पकड़कर और धकेल कर ट्रक में चढ़ा दिया और ट्रक को चालू करके मंडला रोड तरफ ट्रक को ले गए, चलते ट्रक में आरोपी आमिर खान ने पीड़िता के साथ जबदस्ती बलात्कार किया। जब ट्रक टोल नाके पर पहुंचा और रुका तो पीड़िता ने टोल नाका वालो को बचाओ के लिए चिल्लाई तो, टोल नाका में उक्त ट्रक के आरोपी चालक और कंडक्टर कूद कर भाग गए। टोल के कर्मचारियों ने पीड़िता को बचाया और पुलिस को सूचना दिया। पुलिस के द्वारा पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला कायम कर विवेचना दौरान ट्रक को जब्त किया और दिनांक 07/07/2022 को आरोपी सोनू ऊईके को गिरफ्तार किया और दिनांक 16/08/2022 को आमिर खान को गिरफ्तार किया और अन्वेषण पूर्ण पश्चात माननीय न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।

जिसकी सुनवाई माननीय विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी एक्ट सिवनी, श्रीमान गालिब रसूल की न्यायालय में की गई जिसमे शासन की ओर से एडीपीओ लोकेश घोरमारे और तथा एडीपीओ ओमप्रकाश सूर्यवंशी के द्वारा गवाहों और सबूतों को पेश किया और प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। सुनवाई के दौरान आरोपी सोनू ऊईके फरार हो गया, जिसके संबध में स्थाई गिरफ्तार वारंट जारी है, उसके गिरफ्तार होने पर उसके संबध में विचारण किया जायेगा और निर्णय दिया जायेगा। आरोपी आमिर खान के विरूद्ध सुनवाई पूर्ण होने पर, माननीय विद्वान न्यायालय द्वारा आरोपी आमिर खान को धारा= 342 भा.द.वी.में =6 में माह का, धारा =366/34 भा.द.वी. में= 05 वर्ष का , एवम धारा =376 (डी) भा.द.वी. में =20 वर्ष के कठोर से दंडित करने का निर्णय आज दिनांक को सुनाया है।

# भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा आज..



जगप्रेरणा छपारा।

***धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन आज 23 जुलाई को छपारा में किया जाएगा।***

रथ यात्रा दोपहर 1:00 बजे श्री राम मंदिर, छपारा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गोल्डेन टेंपल पहुंचेगी।

रथ यात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा विराजमान रहेंगे। श्रद्धालु भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन एवं जयघोष के साथ प्रभु की रथ यात्रा में सहभागी बनेंगे। आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, प्रेम, सद्भाव एवं सेवा की भावना का प्रसार करना है। रथ यात्रा के समापन उपरांत गोल्डेन टेंपल में सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन किया गया है।

आयोजन समिति ने समस्त नगरवासियों सहित ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित रथ यात्रा में सम्मिलित होकर भगवान श्री जगन्नाथ जी के रथ को हाथ लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त करें तथा इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# इस्कॉन संस्थान द्वारा निकाली गई भगवान जगन्नाथ की यात्रा



जगप्रेरणा सिवनी।

***जगन्नाथ का भात, जगत पसारे हाथ,, भगवान जगन्नाथ के प्रति लोगों किया अटूट श्रध्दा है। प्रतिवर्ष जगन्नाथ की शोभायात्रा पुरी में उत्साह के साथ निकल जाती है जो लोग वहां नहीं पहुंच पाए वह उसे टीवी में देखकर ही संतुष्ट हो***

जाते थे लेकिन अब प्रदेश के हर जिलों में जय परंपरा प्रारंभ हो गई है और लोक यह यात्रा निकालकर उन्हें स्मरण करते हैं। इस्कॉन संस्थान द्वारा नगर में आज भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए।

छिंदवाड़ा चौक से यह यात्रा प्रारंभ की गई जो नगर के अनेक मार्ग से होते हुए अपने गंतव्य के लिए पहुंची इस दौरान लोगों ने उत्साह के साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर स्मरण किया इस दौरान पूजन आरती का कार्यक्रम निरंतर चलता रहा।


न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# जिले के प्रथम स्विमिंग पूल निर्माण कार्य का पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने किया निरिक्षण..

### कार्य एंजेसी को मिनि ओलपिंक की तर्ज पर पूल मे आधुनिक सुविधा मुहैया कराने के दिये निर्देश







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नगर पालिका परिषद द्वारा निर्माणाधीन जिले के प्रथम स्विमिंग पूल का आज पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होने मिनी ओलपिंक की तर्ज पर होने वाले इस कार्य के संबध मे***

निर्देश देते हुये कहा की स्विमिंग पूल मे सुरक्षा, स्वच्छता और बच्चो के तैराकी सिखने जैसी बुनियादी व आधुनिक सुविधाये मिलनी चाहिये।

### साढे तीन लाख लीटर पानी भरकर किया जा चुका है चेक..

नपा की महत्वाकांक्षी योजना स्विमिंग पूल निर्माण मे कार्य की गति का आंकलन किया गया। इस दौरान कार्यएंजेसी के प्रमुख सुनील बंटी पारधी, बाबी परिहार, अनिश मिश्रा आदि साथ भी रहे। स्थल पर ही पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने पूछे जाने पर बताया की 97 लाख रूपये की लागत से 13 मीटर बाय 25 मीटर के इस स्विमिंग पूल का निर्माण कार्य सतत निगरानी मे कराया जा रहा है। वर्तमान मे लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। अभी इस पूल मे क्षमता अनुसार साढे तीन लाख लीटर पानी भरकर इसके लिकेज व डेमेज को चेक किया जा चुका है। कहीं से भी किसी भी प्रकार की शिकायत सामने नही आयी है। इस पूल का निर्माण कार्य भोपाल के विषय विशेषज्ञो के मार्गदर्शन मे कराया जा रहा है।

### पूल मे चेंजिग सहित अन्य सुविधाये रहेगी उपलब्ध..

इसी दौरान सुनील बंटी पारधी ने जानकारी देते हुये बताया की पूल के निचले हिस्से मे क्वालिटी वाली मोजेक टाईल्स लगवायी जा रही है। पूल मे चेजिंग रूम सहित अन्य सुविधाये उपलब्ध रहेगी। आज निरिक्षण के दौरान गुडडा भैया ने आसपास के हिस्से को भी डेवलेप करके सौदर्यीक्रत करने के निर्देश प्रदान किये है। साथ ही वाटर गेम और शावर जैसी आधुनिक सुविधा भी उपलब्ध कराने की बात कही है।

### फाईबर सीट से पूल को किया जायेगा कवर्ड..

कार्य एंजेसी की ओर से बाबी परिहार ने पूछे जाने पर बताया की इस पूल मे बच्चो को तैराकी का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस पूल मे अंडर वाटर रोशनीयुक्त लाईट के अलावा बाहर की नाली मे बेहद मजबूत हाईवर ग्रिल और बाहर से फाईबर सीट से पूल को कवर्ड भी किया जा रहा है। सबसे पहले पूल के पानी को बाहर कर अब बेहद क्वालिटी वाली मोजेक टाईल्स को लगाया जा रहा है। इस पूल की यह भी विशेषता है की पूल के शुरूवाती हिस्से सात मीटर को प्लने व बाकी के 18 मीटर के हिस्से मे स्लोब नजर आयेगा।

### तैराकी की प्रतियोगिता मे भाग लेने की बच्चो मे अभी से दिखी खुशी..

आज निरिक्षण के दौरान ही जैसे ही निकट के गर्ल्स विधालय के बच्चो को स्विमिंग पूल का कार्य जल्द पूर्ण होने की जानकारी मिली। वैसे ही उन्होने गुडडा भैया के पास आकर अपनी खुशियो का इजहार इस आशय से किया की अब वे भी तैराकी सीखकर इस विधा की अनेको प्रतियोगिताओ मे हिस्सा ले सकते है। और तैराकी के माध्यम से भी सफ्लता के सोपान मे आगे बडकर जीवन को सुरक्षित कर सकते है।

# सीसीटीवी कैमरे के कैद हुई चोरी की वारदात और चोर, मिरगपुर में 3 ज्वेलर्स और 1 मेडिकल दुकान के तोड़े ताले





जगप्रेरणा तिरोड़ी।

***तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम मिरगपुर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों 3 ज्वेलर्स दुकानों और 1 मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।***

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 8 बजे स्थानीय लोगों ने दुकान संचालकों को सूचना दी कि उनकी दुकानों के शटर टूटे हुए हैं। सूचना मिलते ही दुकानदार मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। चोरों ने गगन ज्वेलर्स, गौरव ज्वेलर्स, आर्स ज्वेलर्स और राजेश चौधरी के मेडिकल स्टोर्स को निशाना बनाया है। चारों दुकानों के ताले और शटर तोड़कर सामान चोरी किया गया है। घटना की जानकारी तुरंत डायल 112 पर दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच की। दोपहर 12 बजे तिरोड़ी थाना प्रभारी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। गगन ज्वेलर्स के संचालक नितेश चित्रिव ने बताया कि चोरों ने दुकान से अनुमानित 70 हजार रुपये का सामान चोरी किया है। वहीं गौरव ज्वेलर्स के संचालक सुमित गुराउ ने बताया कि उनकी दुकान से लगभग 20 हजार रुपये का सामान चोरी हुआ है। जबकि आर्स ज्वेलर्स से चोरी का प्रयास किया गया। राजेश चौधरी के मेडिकल स्टोर्स में भी चोरों ने वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। कुल मिलाकर अभी 90 हजार रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में अज्ञात चोर शटर का ताला तोड़ते और दुकान के अंदर घुसकर चोरी करते हुए दिखाई दे रहे है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जब्त कर ली है और आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। तिरोड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों से बयान लिए और साक्ष्य जुटाए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कीचड़ और गंदगी से पटा पड़ा श्री राम मंदिर मार्ग संक्रामक रोगों का बड़ा खतरा..

### विकास की चमक के बीच बदहाल व्यवस्थाः रामपायली के मुख्य मार्ग पर जलभराव और कीचड़ से राहगीर परेशान, जिम्मेदार कब जागेंगे?



जगप्रेरणा रामपायली।

***करोड़ों रुपये की लागत से नगर में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी विकास कार्यों की गुणवत्ता और योजना पर सवाल खड़े कर रही है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण रामपायली प्रवेश द्वार से लेकर ऐतिहासिक***

राम मंदिर तक जाने वाला पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) का डामर मार्ग है, जहां बारिश शुरू होते ही जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर पानी, कीचड़ और फिसलन की स्थिति बन जाती है।

यह मार्ग नगर का सबसे प्रमुख और व्यस्त मार्ग माना जाता है। प्रतिदिन इसी रास्ते से श्रद्धालु, विद्यार्थी, व्यापारी, बुजुर्ग, महिलाएं और सैकड़ों ग्रामीणों का आवागमन होता है।

बारिश के दिनों में सड़क पर जमा कीचड़ और पानी लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। कई स्थानों पर फिसलन इतनी बढ़ गई है कि दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना की आशंका के बीच सफर करने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से इस मार्ग पर समुचित नाली एवं जल निकासी व्यवस्था बनाने की मांग की गई, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। परिणामस्वरूप हर वर्ष बारिश के मौसम में यही स्थिति दोहराई जाती है और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

हैरानी की बात यह है कि एक ओर रामपायली को पर्यटन एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विकसित करने के लिए करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर के सबसे महत्वपूर्ण मार्ग पर जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव विकास कार्यों की योजना और निगरानी पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रहा है।

नगरवासियों ने मांग की है कि लोक निर्माण विभाग तत्काल इस मार्ग का निरीक्षण कर स्थायी जल निकासी व्यवस्था विकसित करे, ताकि सड़क पर जलभराव और कीचड़ की समस्या समाप्त हो सके तथा राहगीरों को सुरक्षित और सुगम आवागमन का लाभ मिल सके।

अब सबसे बड़ा सवाल यही है—जब विकास कार्य अपने चरम पर हैं, तो नगर के सबसे प्रमुख मार्ग पर जल निकासी जैसी मूलभूत व्यवस्था आखिर क्यों नहीं की गई?

क्या जिम्मेदार विभाग बारिश खत्म होने का इंतजार कर रहा है, या फिर किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही व्यवस्था सुधरेगी?

# फसल बीमा कराने की अंतिम तारीख 31 जुलाई, किसानो से 31 जुलाई तक फसल बीमा कराने की अपील..

### सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

जगप्रेरणा बालाघाट।

***खरीफवर्ष 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों से 31 जुलाई 2026 तक अपनी धान की फसल का बीमा कराने की अपील की गई है। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि इस वर्ष अल नीनो के संभावित दुष्प्रभावों को देखते हुए समय पर फसल बीमा कराना***

किसानों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिल सकेगी।

श्री मालवीय ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, सूखा, ओलावृष्टि, बाढ़, जलभराव तथा कीट एवं रोग प्रकोप से फसल को होने वाली क्षति पर किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय को सुरक्षित रखना तथा खेती में आने वाले जोखिम को कम करना है।

योजना के अनुसार सिंचित धान (पैडी-आईआर) के लिए प्रति हेक्टेयर 48,300 रुपये की बीमित राशि निर्धारित की गई है, जिस पर किसानों को केवल 966 रुपये प्रति हेक्टेयर (2 प्रतिशत) प्रीमियम देना होगा। वहीं वर्षा आधारित धान (पैडी-आरएफ) के लिए प्रति हेक्टेयर 38,000 रुपये की बीमित राशि पर किसानों को मात्र 760 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम का भुगतान करना होगा।

उप संचालक श्री मालवीय ने बताया कि ऋणी किसान अपने संबंधित बैंक अथवा पैक्स (क्कष्टस्) के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं। गैर-ऋणी किसानों को बीमा कराने के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि संबंधी दस्तावेज जैसे खसरा, बी-1 अथवा पटवारी प्रतिवेदन तथा आवश्यकता होने पर स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।

कृषि विभाग एवं कृषि बीमा कंपनी ने किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते अपनी फसल का बीमा अवश्य कराएं। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए किसान अपने निकटतम कृषि विभाग, कृषि विस्तार अधिकारी, बैंक, पैक्स अथवा कॉमन सर्विस सेंटर (ष्टस्ष्ट) से संपर्क कर सकते हैं।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने कहा कि ÷छोटा सा प्रीमियम, बड़ी सुरक्षा÷ के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने जिले के सभी किसानों से अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ लेने और 31 जुलाई से पहले फसल बीमा कराने का आग्रह किया है।

### जिले में 22 जुलाई तक 470 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकाई

# किरनापुर तहसील में सबसे अधिक 623 मिलीमीटर और खैरलांजी तहसील में सबसे कम 273 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड

जगप्रेरणा बालाघाट।

***चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 01 जून से 22 जुलाई 2026 तक कुल 470 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष 2025 में इसी अवधि में 658 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है***

और इसमें से 611 मिलीमीटर वर्षा 01 जून से 22 जुलाई 2026 की अवधि में हो जाना चाहिए। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटों के दौरान बालाघाट तहसील में 46 मिमी, वारासिवनी में 07 मिमी, बैहर में 70 मिमी, लांजी में 55 मिमी, कटंगी में 13 मिमी, किरनापुर में 60 मिमी, खैरलांजी में 12 मिमी, लालबर्रा में 70 मिमी, बिरसा में 53 मिमी, परसवाड़ा में 67 मिमी एवं तिरोड़ी तहसील में 32 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में 44 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

इस प्रकार चालू वर्ष में 01 जून से 22 जुलाई 2026 तक सबसे अधिक 623 मिलीमीटर वर्षा किरनापुर तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 273 मिलीमीटर वर्षा खैरलांजी तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 596 मिलीमीटर, वारासिवनी में 582 मिलीमीटर, बैहर में 536 मिलीमीटर, लांजी में 451 मिलीमीटर, कटंगी में 407 मिलीमीटर, खैरलांजी में 273 मिलीमीटर, लालबर्रा में 494 मिलीमीटर, बिरसा में 298 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 418 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 491 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 836 मिलीमीटर, वारासिवनी में 1016 मिलीमीटर, बैहर में 783 मिलीमीटर, लांजी में 339 मिलीमीटर, कटंगी में 733 मिलीमीटर, किरनापुर में 597 मिलीमीटर, खैरलांजी में 275 मिलीमीटर, लालबर्रा में 750 मिलीमीटर, बिरसा में 471 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 790 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 648 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

# 26 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होने वाले वर्चुअल संवाद की तैयारियों का लिया गया जायजा..

### विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत बालाघाट के 21 माय भारत स्वयंसेवक होंगे शामिल







जगप्रेरणा बालाघाट।

***युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित माय भारत (रूङ्घ क्चद्धड्डह्म्ड्डह्ल) द्वारा विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत 26 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संवाद की***

तैयारियों की समीक्षा बुधवार को आयोजित उच्चस्तरीय वर्चुअल बैठक में की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा कार्यक्रम विभाग, भारत सरकार के सचिव ने की।

बैठक में अतिरिक्त सचिव श्री नितेश मिश्रा, संयुक्त सचिव श्री शिव रतन, माय भारत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) डॉ. प्रियंका शुक्ला (आईएएस) तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की अतिरिक्त निजी सचिव श्रीमती कृतिका भंडारी सहित देश के 245 जिलों के जिला कलेक्टर वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

बालाघाट जिले की ओर से कलेक्टर श्री मृणाल मीना (आईएएस) ने बैठक में सहभागिता की। उनके साथ जिला युवा अधिकारी (माय भारत) श्री प्रांजल अग्रवाल, सहायक संचालक, जनसंपर्क श्री अनिल पटले तथा माय भारत के लेखा अधिकारी श्री सी.आर. जंघेला भी उपस्थित रहे।

बैठक में 26 जुलाई को आयोजित होने वाले वर्चुअल संवाद के सफल संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिला युवा अधिकारी, माय भारत तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के लिए सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवाद के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी बाधा न आए, इसके लिए पूर्वाभ्यास सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस विशेष संवाद में देश के 245 जिलों के माय भारत स्वयंसेवक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से सीधे वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। इस अवसर पर उन्हें अपने अनुभव, सुझाव और विचार साझा करने का अवसर मिलेगा। बालाघाट जिले से भी 21 माय भारत स्वयंसेवकों का चयन किया गया है, जो इस महत्वपूर्ण संवाद में भाग लेकर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह संवाद युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सीमावर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास तथा जनभागीदारी से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

जिला प्रशासन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं, ताकि बालाघाट जिले के चयनित स्वयंसेवक प्रधानमंत्री के साथ इस ऐतिहासिक संवाद में प्रभावी रूप से सहभागिता कर सकें।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## '..तो मैं अनशन खत्म कर दूंगा'

## सोनम वांगचुक ने केंद्र को लेटर लिखकर बताई अपनी शर्तें..

डेस्क जगप्रेरणा।

***पेपर लीक के मामले पर अनशन कर रहे सोनम वांगचुक ने केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। वांगचुक ने पत्र में लिखा है कि अगर केंद्र सरकार उनकी मांगों को लेकर उन्हें भरोसा दिलाए तो वे अपना अनशन खत्म कर देंगे।***



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह के नाम लिखे लेटर में सोनम वांगचुक ने कल रात अस्पताल में मुझसे मिलने और मेरा अनशन खत्म करने की आपकी अपील के लिए धन्यवाद। हमारी बातचीत के दौरान आपने मुझे भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी बातों पर सकारात्मक रूप से विचार करेगी।

### सोनम वांगचुक ने केंद्र से की ये मांग..

सोनम वांगचुक ने सरकार से मांग की है कि परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को उचित मुआवज़ा दिया जाए। जवाबदेही तय करने के लिए संसद में सार्थक चर्चा, जिसमें शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर विचार करना भी शामिल हो।

पुलिस द्वारा ज़्यादती और ज़रूरत से ज़्यादा बल प्रयोग के बावजूद 20 जुलाई 2026 का 'चलो संसद' मार्च बहुत शांतिपूर्ण रहा। पूरे देश और दुनिया ने लोकतांत्रिक विरोध के प्रति उनके धैर्य और प्रतिबद्धता को देखा। मुझे पूरी उम्मीद है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में इस भरोसे को किसी भी कानूनी मामले, उत्पीड़न या इसमें शामिल लोगों के खिलाफबदले की भावना से की गई कार्रवाई से कमज़ोर नहीं किया जाएगा।

### मैं छात्रों के लिए जीना चाहता हूं..

वांगचुक ने पत्र में लिखा, अस्पताल में आपसे मिलने के बाद अलग-अलग राजनीतिक दलों के लगभग 65 सांसदों ने मुझे पत्र लिखा है। कुछ लोग पहले ही आ चुके हैं और बाकी के आज शाम तक आने की उम्मीद है। उन सभी ने मुझसे अपना अनशन खत्म करने का आग्रह किया है और याद दिलाया है कि मुझे अभी देश की सेवा में बहुत काम करना है। मैं उनसे सहमत हूं। मैं जीना चाहता हूं।

मैं अपने छात्रों, शिक्षा और उस काम में लौटना चाहता हूं जिसने मेरे जीवन को एक पहचान दी है। लेकिन मैं उन युवाओं की कीमत पर ऐसा नहीं कर सकता जिनके लिए यह आंदोलन शुरू हुआ था।

### सोनम वांगचुक ने केंद्र से मांगा ये आश्वासन..

इसलिए मैं सरकार से सम्मानपूर्वक एक स्पष्ट आश्वासन चाहता हूं कि इस आंदोलन में भाग लेने वाले किसी भी युवा प्रदर्शनकारी के खिलाफ कोई दंडात्मक या बदले की भावना वाली कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। उनका एकमात्र 'अपराध' एक निष्पक्ष और जवाबदेह शिक्षा प्रणाली के लिए आवाज़ उठाना रहा है। अगर ऐसा आश्वासन दिया जाता है तो मैं इस भरोसे के साथ अपना अनशन खत्म करूंगा कि सरकार ने न केवल मेरी अपील सुनी है, बल्कि लाखों युवा भारतीयों की उम्मीदों को भी समझा है। ऐसे आश्वासन के अभाव में, मैं अनिश्चित काल तक अपना अनशन जारी रखने के लिए मजबूर हो जाऊंगा। मुझे यह भी उम्मीद है कि आंदोलन को दबाने के लिए पुलिस द्वारा और ज़्यादा बल प्रयोग नहीं किया जाएगा। हमारे लोकतंत्र का भविष्य इस बात पर निर्भर नहीं करता कि वह उनसे कैसा व्यवहार करता है जो उससे सहमत हैं, बल्कि इस बात पर निर्भर करता है कि वह अपने युवा नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है। जब वे साहस, उम्मीद और पक्के इरादे के साथ बोलने की हिम्मत करते हैं।

## सिक्किम सुरंग ढही: एक और मजदूर का शव बरामद, 20 में से अब तक 13 शव निकाले गए..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***सिक्किम के नामची जिले में निर्माणाधीन 'एनएचपीसी तीस्ता चरण-6 जलविद्युत परियोजना' की सुरंग से बुधवार को एक और मजदूर का शव बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही हादसे में मारे गए लोगों में से अब तक 13 मजदूरों के शव बाहर निकाले जा चुके हैं।***



मीथेन गैस के संदिग्ध विस्फोट के बाद सुरंग ढहने से कुल 20 मजदूरों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सुरंग के भीतर कीचड़ और पानी जमा हो जाने के कारण राहत एवं बचाव कार्य को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था, जिसे बुधवार सुबह दोबारा शुरू किया गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और आसनसोल की बचाव टीम ने तड़के ही अभियान संभाल लिया और उनका मुख्य ध्यान सुरंग से पानी बाहर निकालने पर केंद्रित रहा। अत्यंत कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद बचाव दल लगातार खोज

और बचाव अभियान में जुटे हुए हैं, ताकि अंदर फंसे बाकी लोगों को जल्द से जल्द बाहर निकाला जा सके। एनएचपीसी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, चट्टानों के भीतर फंसी मीथेन गैस में अचानक हुए जोरदार धमाके से यह हादसा हुआ। इस विस्फोट के बाद सुरंग में घना धुआं और जहरीली गैसें भर गईं। घटनास्थल पर चिकित्सा दल और एंबुलेंस लगातार तैनात हैं, ताकि राहत कार्य में लगे कर्मियों और प्रभावितों को तत्काल आपातकालीन चिकित्सा सहायता दी जा सके।

इस बीच, एनएचपीसी ने बुधवार को हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। कंपनी ने बयान जारी कर गहरा शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।

कंपनी ने बताया कि जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), एनएचपीसी, पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और स्थानीय अधिकारियों समेत कई एजेंसियां मिलकर चौबीसों घंटे बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने भी हादसे में मारे गए मजदूरों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि देने का मंगलवार को ऐलान किया था। इसके अलावा, प्रधानमंत्री की ओर से भी मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की जा चुकी है।

उधर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तमांग से आग्रह किया कि हिमालयी राज्य में सुरंग निर्माण कार्य में लगे झारखंड के प्रभावित श्रमिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। झारखंड के अधिकारियों के अनुसार, सिक्किम के नामची जिले में एनएचपीसी के निर्माण कार्य में झारखंड के खूंटी, हजारीबाग और पश्चिमी सिंहभूम जिलों के कम से कम चार श्रमिक कार्यरत थे। इनमें से दो की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य अब भी लापता हैं। घटना को दुखद और चिंताजनक बताते हुए सोरेन ने कहा कि इस हादसे से झारखंड के कुछ श्रमिक भी प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, 'मैं माननीय मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग जी से आग्रह करता हूं कि कृपया झारखंड के प्रभावित श्रमिकों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएं।' उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार लगातार संपर्क में है और राज्य के श्रमिकों के परिवारों को हर आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'इस कठिन घड़ी में हमारी पूरी संवेदना प्रभावित परिवारों के साथ है।'

## पटना में छात्रों का फूटा गुस्सा, डाकबंगला चौराहे पर पथराव और लाठीचार्ज, पुलिस की 2 गाड़ियां क्षतिग्रस्त..



डेस्क जगप्रेरणा।

***नीट पेपर लीक पर जहां दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन हो रहा है वहीं आज बिहार की राजधानी पटना में भी छात्रों के प्रदर्शन के दौराव जमकर बवाल हुआ। पटना के सबसे प्रमुख डाकबंगला चौराहा और आसपास का इलाका बुधवार को रणक्षेत्र में तब्दील हो गया।***

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा **(NEET)** पेपर लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, पानी की बौछारें कीं और लाठीचार्ज किया।

### पत्थरों-ईंटों से भर गया डाकबंगला चौराहा..

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के छात्र संगठन 'ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन' (आइसा) के बैनर तले छात्र नेताओं ने 'लोक भवन मार्च' निकाला था। इसका नेतृत्व भाकपा (माले) के विधायक और आइसा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव संदीप सौरभ कर रहे थे। राज्यपाल आवास (लोकभवन) की ओर बढ़ रहे छात्रों को जब पुलिस ने गांधी मैदान के पास रोकने की कोशिश की, तो हालात बेकाबू होने लगे। उग्र प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर जमकर पथराव किया, जिससे पूरा डाकबंगला चौराहा बड़े-बड़े पत्थरों और ईंटों से भर गया। इस हिंसा के दौरान पुलिस की दो गाड़ियां भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

### रिपोर्टर्स और कैमरामैन के साथ मारपीट..

वहीं इससे पहले प्रदर्शन के दौरान उस समय स्थिति और बिगड़ गई, जब छात्रों की भीड़ गांधी मैदान के पास पहुंची। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने कई समाचार चैनलों के रिपोर्टरों और कैमरामैन के साथ मारपीट की। वहीं, पीरबहोर थाना के थाना प्रभारी (एसएचओ) भी झड़प में घायल हो गए। बताया गया कि उनके सिर में चोट लगी है। छात्र नेता संदीप सौरभ ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'हम मोदी सरकार को उसकी जवाबदेही का अहसास कराने सड़कों पर उतरे हैं। जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन के दमन के बाद न केवल धर्मेंद्र प्रधान बल्कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि दिल्ली पुलिस उन्हीं के निर्देश पर काम कर रही थी।'

### हालात पर काबू पाने के लिए भारी फोर्स तैनात..

पुलिस की इस सख्त कार्रवाई के बाद इलाके में भारी तनाव फैला हुआ है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कई प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा है और इलाके में स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए भारी बल तैनात कर दिया है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

## कराची के एक अस्पताल में फैला एचआईवी, आठ महीने में छह बच्चों की मौत, 94 हुए संक्रमित..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पाकिस्तान में सबसे बड़े शहर कराची के एक सरकारी अस्पताल में एचआईवी फैलने से नवंबर 2025 से अब तक छह बच्चों की मौत हो चुकी है और 94 बच्चे संक्रमित हुए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।***




सिंध प्रांत के स्वास्थ्य सचिव ताहिर हुसैन सांगी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इस बीमारी का प्रकोप सबसे पहले नवंबर 2025 में कराची के कुलसूम बाई वालिका अस्पताल में देखा गया था। यह अस्पताल 'सिंध एम्प्लॉइज सोशल सिक्योरिटी इंस्टीट्यूशन' द्वारा संचालित है। सांगी ने कहा, 'हमने स्वास्थ्य मंत्रालय के आदेश पर अपनी जांच की। अस्पताल से मिले रिकॉर्ड से पता चलता है कि यह प्रकोप पिछले साल नवंबर में शुरू हुआ था और तब से एचआईवी/एड्स वायरस की वजह से छह बच्चों की मौत हो चुकी है।'

सांगी ने बताया कि इस माह बच्चों में एचआईवी के 16 नए मामलों की पुष्टि हुई है, जिससे पिछले साल नवंबर से अब तक इस वायरस से संक्रमित बच्चों की कुल संख्या 94 हो गई है। उन्होंने कहा कि बीमारी फैलने के बाद सिंध स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल के आसपास के इलाकों में परीक्षण के लिए टीमें तैनात कीं। सांगी ने बताया कि अस्पताल के पास रहने वाले लगभग 10,000 लोगों में से 120 लोग एचआईवी संक्रमित पाए गए, जिनमें बड़े और बच्चे दोनों शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमित पाए गए लोगों का इलाज सरकारी खर्च पर किया जा रहा है।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला ने दिया एक जैसी दिखने वाली 4 बच्चियों को जन्म, डॉक्टर्स रह गए दंग, कहा- 'ये बेहद दुर्लभ'..

डेस्क जगप्रेरणा।

***ऑस्ट्रेलिया की एक महिला इस समय चर्चा में है। इस महिला ने एक जैसी दिखने वाली 4 बच्चियों को जन्म दिया है, जिसे देखकर डॉक्टर्स भी हैरान रह गए हैं।***



डॉक्टरों ने इस प्रेग्नेंसी को बेहद दुर्लभ बताया है। मां बनी महिला की उम्र 34 साल है और उसका नाम जेनिटर साउ नाआमोआना है। इस महिला ने बीते हफ्ते इन बच्चियों को जन्म दिया, जबकि उनके पहले से भी 4 बच्चे हैं। यानी अब वह कुल 8 बच्चों की मां बन गई हैं।

### कब दिया बच्चों को जन्म?

महिला ने क्वींसलैंड प्रांत के 'रॉयल ब्रिसबेन एंड विमेन्स हॉस्पिटल' में 4 बच्चियों को जन्म दिया था। महिला की डॉक्टर एलेक्सा बेंडाल ने अस्पताल द्वारा जारी एक इंटरव्यू में बताया कि बच्चियां प्राकृतिक रूप से गर्भ में आई और एक ही निषेचित अंडे के चार हिस्सों में बंटने से उनका जन्म हुआ। उन्होंने इस घटना को अविश्वसनीय बताया। डॉक्टर बेंडाल ने कहा, 'हमारा मानना है कि इस तरह का मामला करीब डेढ़ करोड़ में से एक आता है। हमें नहीं लगता कि ऑस्ट्रेलिया में पहले ऐसा कभी हुआ हो।'

### बच्चों को जन्म देने का प्लान नहीं था!

अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि नाओमोआना और उनके पति जोर्थम पहले से 4 बच्चों के माता-पिता थे, इसलिए उनकी और बच्चे पैदा करने की योजना नहीं थी। लेकिन जब वह एक साथ 4 बच्चों की मां बनने वाली थीं, तो उन्हें काफी हैरानी हुई। हालांकि नाआमोआना के लिए एक साथ चार बच्चों को जन्म देना आसान नहीं था बल्कि ये एक खतरे वाली प्रेग्नेंसी थी क्योंकि भ्रूण एक ही प्लेसेंटा शेयर कर रहे थे। मेडिकल साइंस का मानना है कि जब मां प्रेग्नेंट होती है तो एक से ज़्यादा भ्रूण होने पर मां को समय से पहले डिलीवरी, मिसकैरेज और जन्मजात दोष जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। जिस हॉस्पिटल में नाआमोआना ने बच्चों को जन्म दिया, वहां वह 25वें हफ्ते में ही एडमिट हो गई थीं, जिससे उनकी हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर डॉक्टर्स की नजर रहे। इसके बाद उन्होंने 14 जुलाई को सिजेरियन सेक्शन के ज़रिए बच्चों को जन्म दिया।

डॉक्टर बेंडल ने कहा, 'यह बात वाकई कमाल की है कि 28 हफ्ते और चार दिन में चार सुंदर और स्वस्थ बच्चों का जन्म हुआ है। मां का थोड़ा खून जरूर बहा, लेकिन चार बच्चों के जन्म के हिसाब से यह बहुत ज्यादा नहीं था, और अब वह ठीक हैं।' इससे पहले हरियाणा में भी एक महिला ने एक साथ 4 बच्चों को जन्म दिया था, 2 लड़के और 2 लड़कियों की किलकारी से घर गूंज उठा था।

## बेनाम, स्टेशन पर लावारिस मिले बच्चे को मिला नया परिवार: नया जीवन शुरू करने गोवा रवाना..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ओडिशा के एक आठ वर्षीय बच्चे, जिसकी न तो कोई पहचान थी और न ही परिवार, के लिए शुभम और आखिरकार 'साईं विजयनाथ' बनने का सफर तीन साल के लंबे इंतजार के बाद पूरा हुआ।***



बिना नाम-पते के रेलवे स्टेशन पर मिले इस बच्चे को अब गोवा के एक दंपत्ति ने गोद ले लिया है, जिससे उसे एक नया घर और परिवार मिल गया है। स्थानीय जिला बाल संरक्षण इकाई के सामाजिक-सह-कानूनी अधिकारी सुब्रत दास ने बताया कि बच्चे को वर्ष 2023 में भद्रक रेलवे स्टेशन से लावारिस स्थिति में बचाया गया था। उस समय वह एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति के पास बैठा था। न तो वह बच्चा और न ही वह ट्रांसजेंडर व्यक्ति बच्चे की पहचान या उसके घर के बारे में कोई जानकारी दे सके।

इसके बाद बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने बच्चे को 'शुभम' नाम दिया और उसे कांजियापाल स्थित महापुरुष आश्रम में रखा, जहां 25 अन्य अनाथ बच्चे भी रहते हैं। भद्रक की बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सुब्रत बिस्वाल ने बताया कि जिला प्रशासन ने बच्चे के माता-पिता की तलाश के लिए समाचार पत्रों और सोशल मीडिया मंचों पर विज्ञापन प्रकाशित कराकर लगातार प्रयास किए। हालांकि, जब कोई सफलता नहीं मिली, तो कानूनी प्रक्रिया के तहत उसे गोद लेने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) के दिशा-निर्देशों के तहत गहन जांच-पड़ताल के बाद गोवा के एम. के. विजयनाथ और गीता विजयनाथ को सबसे उपयुक्त माता-पिता के रूप में चुना गया। दत्तक ग्रहण से पहले की प्रक्रिया के तहत शुभम ने 15 दिन दंपत्ति के साथ बिताए, जिसके बाद सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं। अंतिम सुनवाई के लिए बच्चे और उसके नए माता-पिता को भद्रक के जिलाधिकारी दिलीप राउत्रे के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मंजूरी मिलने के बाद शुभम को नया परिवार मिला और दंपत्ति ने उसका नया नाम 'साईं विजयनाथ' रखा।

## पाकिस्तान में वर्षा जनित घटनाओं में 31 लोगों की मौत, 120 से अधिक घायल हुए..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पाकिस्तान में पिछले सप्ताह बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और 120 से ज़्यादा लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस महीने पाकिस्तान में मानसून का जबरदस्त असर नजर आ रहा है।***



भारी बारिश के कारण पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में अचानक बाढ़ आ गई है जहां छतें और दीवारें ढह गई हैं तथा बिजली का करंट लगने की घटनाएं भी हुई हैं। पाकिस्तान मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और बारिश का अनुमान जताया है, जिसके चलते अधिकारियों ने बचाव दलों को हाई अलर्ट पर रखा है।

प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में मानसून का नया दौर शुरू होने के बाद से पंजाब में बारिश से जुड़ी घटनाओं में बच्चों समेत कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 107 लोग घायल हो गए। पिछले दो दिनों में लाहौर समेत प्रांत के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे कई इलाकों में शहरी बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई।

पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नदियों, बांधों और बैराजों पर लगातार नज़र रखें तथा मौसमी नालों, नहरों और निचले इलाकों के आसपास सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करें।

प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण छह बच्चों समेत 14 लोगों की मौत हो गई तथा 19 लोग घायल हो गए।

इस प्रांत में प्रभावित जिलों में पेशावर, नौशेरा, खैबर, मर्दन, बुनेर, बाजौर, शांगला, स्वाबी, निचला और ऊपरी दीर, निचला चित्राल, एबटाबाद, मनसेहरा, तोरघर, कुर्रम और उत्तरी वजीरिस्तान शामिल हैं।





जग प्रेरणा
खेल मनोरंजन
खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# सिंधू ने हुड्डा की चुनौती पार की, शेट्टी ने 11वें नंबर के खिलाड़ी फरहान को हराकर उलटफेर किया...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां हमवतन किशोरी उन्नति हुड्डा की कड़ी चुनौती को पार करते हुए चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि आयुष शेट्टी ने बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी अल्वी फरहान को हरा दिया।***

जापान ओपन जीतकर दो साल के खिताबी सूखे को खत्म करने वाली सिंधू को 18 वर्षीय उन्नति के खिलाफ कड़ी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने 56 मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में उन्नति को 21-14, 9-21, 21-10 से शिकस्त दी। उन्नति ने पहले गेम में सिंधू को कड़ी टक्कर दी और स्कोर 7-7 तक बराबरी पर रखा। इसके बाद सिंधू ने लय हासिल करते हुए पांच अंक जीतकर 12-8 की बढ़त बना ली और पहला गेम 21-14 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में उन्नति ने शानदार वापसी की। 2-2 की बराबरी के बाद उन्होंने 6-3 की बढ़त बनाई और फिर लगातार छह अंक जीतकर स्कोर 12-4 कर दिया। सिंधू इस दौरान लय हासिल नहीं कर सकीं और उन्नति ने दूसरा गेम एकतरफा अंदाज में 21-9 से जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। सिंधू ने हालांकि तीसरे गेम में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए जोरदार वापसी की।

उन्होंने स्कोर 6-3 से 10-5 तथा फिर 15-8 तक पहुंचाया। अंत में सिंधू ने तीसरा गेम 21-10 से जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। प्री क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना चौथी वरीयता प्राप्त घरेलू खिलाड़ी चेन यूफेई से होगा। सिंधू ने पिछले सप्ताह जापान ओपन के सेमीफाइनल में चेन को सीधे गेमों में हराया था। हालांकि दोनों खिलाड़ियों के बीच मुकाबलों में चेन को 8-7 की मामूली बढ़त हासिल है।

आयुष शेट्टी ने इंडोनेशिया के पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन अल्वी फरहान को 17-21, 21-5, 21-17 से हराकर पुरुष एकल के पहले दौर के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक को अंजाम दिया। 57 मिनट तक चले मुकाबले में शेट्टी पहला गेम हार गए थे, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए दूसरा गेम पूरी तरह अपने नियंत्रण में रखा। निर्णायक गेम में उन्होंने धैर्य बनाए रखा और यादगार जीत दर्ज की।

हालांकि युगल में भारतीय जोड़ियां बाहर हो गईं। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकरुणन और एम आर अर्जुन की जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी 30 मिनट से भी कम समय में 16-21, 7-21 से मुकाबला हार गई। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग की जोड़ी से 9-21, 16-21 से हार मिली।

वहीं ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को पांचवीं वरीय चीनी जोड़ी गुओ शिन वा और चेन फांग हुई के खिलाफ 41 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 18-21 से पराजय मिली।

# 'गॉडजिला वर्सेस कॉन्ग' फेम Kaylee Hottle का निधन, कार क्रैश में गई जान, पिता ने साइन लैंग्वेज के जरिए की मौत की पुष्टि..

डेस्क जगप्रेरणा।

***'गॉडजिला वर्सेस कॉन्ग' और 'गॉडजिला & कॉन्गः द न्यू एम्पायर' जैसी चर्चित फिल्मों में जिया का किरदार निभाकर लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस केली हॉटल का निधन हो गया है।***



18 साल की उम्र में केली ने एक कार एक्सीडेंट के चलते हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनकी मौत से पूरी इंडस्ट्री को बड़ा झटका लगा है। केली मूक-बधिर एक्ट्रेस थीं। वे एक ऐसे परिवार से थीं जिसमें कई पीढ़ियों से लोग सुन नहीं सकते थे, जिनमें उनके पिता भी शामिल थे। केली की दुखद मौत के बाद उनके पिता ने अमेरिकन साइन लैंग्वेज के जरिए उनके निधन की पुष्टि की है।

## 18 साल की केली हॉटल का निधन..

केली हॉटल के पिता जोशुआ हॉटल ने फेसबुक लाइवस्ट्रीम के जरिए अमेरिकन साइन लैंग्वेज में केली के निधन की पुष्टि की। इसके बाद उन्होंने ख़बरोंको कन्फर्म किया कि केली ने मैरीलैंड में एक सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा दी है, इस दौरान वह खुद टेक्सास में थे। जोशुआ ने बताया कि, जब अधिकारी एक्सीडेंट के बाद केली को अस्पताल लेकर जा रहे थे, उनके दिल का धड़कना बंद हो गया। वहीं केली के स्कूल, टेक्सास स्कूल फॉर द डेफ, ने भी सोशल मीडिया पर एक भावुक बयान जारी कर उनकी मौत की पुष्टि की।

## 'टेक्सास स्कूल फॉर द डेफ' का पोस्ट..

स्कूल के बयान में कहा गया, 'हमें बहुत दुख के साथ यह ये बताना पड़ रहा है कि हमारी TSD की सीनियर छात्रा, केली हॉटल का कल फ्रेडरिक, मैरीलैंड में एक कार दुर्घटना में दुखद निधन हो गया। इस बेहद मुश्किल समय में हमारी संवेदनाएं केली के परिवार, दोस्तों, क्लासमेट्स और उन सबके साथ है, जो उससे प्यार करते थे। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि वे केली के परिवार की प्राइवेसी का सम्मान करें और दुर्घटना से जुड़ी परिस्थितियों के बारे में कोई भी जानकारी शेयर करने या अटकलें लगाने से बचें।'

## गॉडजिला वर्सेस कॉन्ग' में केली हॉटल की क्या भूमिका थी?

केली ने 2021 की फिल्म 'गॉडजिला वर्सेस कॉन्ग' में जिया के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। जिया एक बहरी अनाथ बच्ची है जिसका कॉन्ग के साथ एक खास रिश्ता है। उन्होंने 2024 में रिलीज़ हुई फिल्म 'गॉडज़िला & कॉन्गः द न्यू एम्पायर' में भी यही भूमिका निभाई। वह इस फिल्म में अलेक्जेंडर स्कार्सगार्ड, मिली बॉबी ब्राउन और रेबेका हॉल के साथ नजर आईं। 'गॉडज़िला वर्सेस कॉन्ग' में उनकी परफॉर्मेंस के लिए उन्हें 'सैटर्न अवॉर्ड फॉर बेस्ट परफॉर्मेंस बाय ए यंगर एक्टर' के लिए नॉमिनेशन भी मिला। वह कई अन्य एक्टिंग प्रोजेक्ट्स की भी तैयारी कर रही थीं।

# लॉकअप 2 में एक और वाइल्ड कार्ड एंट्री, 'रिबेल किड' अपूर्वा मखीजा बनीं नई कैदी, फैंस बोले- 'अब मचेगा गदर'..

डेस्क जगप्रेरणा।

***फराह खान और रितेश देशमुख होस्टेड रियेलिटी शो 'लॉकअप 2' इन दिनों दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। लॉकअप 2 में आए दिन नए-नए तमाशे देखने को मिल रहे हैं। हर नए एपिसोड के साथ शो अनप्रिडिक्टेबल होता जा रहा है।***



पिछले दिनों ही शो से योगेश रावत बाहर हो गए, जो इस सीजन की ट्रॉफी के सबसे बड़े दावेदरों में से एक माने जा रहे थे। धीरज धूपर के एक फैसले के चलते योगेश शो से बाहर हो गए और सूफी मोतीवाला सेफहो गए। वहीं शिल्पा शिंदे की एंट्री के बाद शो में खूब कलेश मचा हुआ है, जिसके अब बढ़ने के चांस हैं, क्योंकि शो में एक नई वाइल्ड कार्ड एंट्री हो रही है। शो में रिबेल किड यानी अपूर्वा मखीजा बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री ले रही हैं, जिसकी पुष्टि खुद अपूर्वा मखीजा ने कर दी है।

## अपूर्वा मखीजा की लॉकअप 2 में एंट्री..

जब से शो में नई वाइल्ड कार्ड एंट्री की चर्चा शुरू हुई थी, तभी से अपूर्वा मखीजा का नाम भी चर्चा में आ गया। हाल ही में मेकर्स ने वाइल्ड कार्ड एंट्री का प्रोमो भी साझा किया, लेकिन कंटेस्टेंट का चेहरा रिवील नहीं किया। लेकिन, अब खुद अपूर्वा मखीजा ने एक वीडियो शेयर करते हुए शो में अपनी एंट्री कन्फर्म कर दी है। उन्होंने वो पूरा प्रोमो वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह शो में एंट्री करती नजर आ रही हैं और उन्हें देखकर तमाम घरवाले चौंक जाते हैं। अपूर्वा ने इस वीडियो के साथ इस ओर भी इशारा कर दिया है कि वह लॉकअप 2 में खूब हंगामे करने वाली हैं।

## पहले भी रियेलिटी शो का रह चुकी हैं हिस्सा..

बता दें, अपूर्वा मखीजा इससे पहले भी रियेलिटी शो का हिस्सा रह चुकी हैं। वह 'द ट्रेटर्स' में नजर आई थीं और अपने गेम को लेकर काफी चर्चा में थीं। ऐसे में अब जब वह 'लॉकअप 2' में बतौर कंटेस्टेंट एंट्री ले रही हैं तो फैंस की उम्मीदें और भी ज्यादा बढ़ गई हैं। दर्शक भी शो में अपूर्वा को देखने को लेकर बेताब हैं, क्योंकि रियल लाइफ में वह काफी बोल्ड और स्ट्रेट फॉर्वर्ड पर्सनैलिटी के लिए मशहूर हैं। फिर अपूर्वा के सामने कोई ही क्यों न हो, वह जवाब देने से पीछे नहीं हटतीं। वहीं अपूर्वा के फैंस का दावा है कि उनकी एंट्री के बाद शो में जरूर गदर मचने वाला है।

## लॉकअप 2 के बारे में..

लॉकअप 2 की बात करें तो ये शो इस बार ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है और फराह खान और रितेश देशमुख इस सीजन को होस्ट कर रहे हैं। जबकि, इस रियेलिटी शो का पहला सीजन कंगना रनौत ने होस्ट किया था। इस सीजन में इन दिनों शिल्पा शिंदे और शिवांगी जोशी के बीच की तनातनी लगातार चर्चा में है। खासतौर पर शिल्पा शिंदे, शिवांगी जोशी पर लगातार कमेंट कर रही हैं। पिछले दिनों वह उनकी निजी

जिंदगी पर भी कमेंट करती दिखी थीं, जिसे लेकर बाद में होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख ने उनकी क्लास भी लगाई थी। अब देखना ये होगा कि, अपूर्वा मखीजा की एंट्री के बाद कंटेस्टेंट्स के समीकरण कितने बदलते हैं।

# 40 साल बाद फिर साथ दिखेगी 'हीरो' की आइकॉनिक जोड़ी, 'नानावटी वर्सेस नानावटी' से मीनाक्षी शेषाद्रि की 30 साल बाद धमाकेदार वापसी...

डेस्क जगप्रेरणा।

***80 और 90 के दशक में अपनी शानदार अदाकारी और खूबसूरती से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली दिग्गज अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि एक बार फिर अभिनय की दुनिया में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।***



मुंबई शिफ्ट होने के महज दो महीने के भीतर ही मीनाक्षी के हाथ एक बड़ा और प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट लग गया है। वह जल्द ही प्राइम वीडियो की आगामी वेब सीरीज 'नानावटी वर्सेस नानावटी' में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हुई नजर आएंगी। इस कोर्टरूम ड्रामा का निर्देशन मशहूर फिल्ममेकर विपुल शाह कर रहे हैं।

इस सीरीज की सबसे खास बात यह है कि इसके जरिए बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'हीरो' (1983) की आइकॉनिक जोड़ी मीनाक्षी शेषाद्रि और जैकी श्रॉफ करीब 40 सालों बाद एक बार फिर स्क्रीन शेयर करने जा रही है। दिग्गज कलाकारों से सजी इस ओटीटी सीरीज को लेकर अभी से ही दर्शकों और फैंस के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## मुंबई शिफ्ट होने के दो महीने बाद मिला बड़ा ब्रेक..

मीनाक्षी शेषाद्रि ने हाल ही में अमेरिका से भारत लौटकर मुंबई में स्थायी रूप से बसने और अपने एक्टिंग करियर को दोबारा शुरू करने का फैसला किया था। उनके इस फैसले के महज दो महीने बाद ही उन्हें विपुल शाह की इस बड़ी ओटीटी सीरीज में काम करने का मौका मिल गया। 1983 में आई सुभाष घई की फिल्म 'हीरो' ने मीनाक्षी को रातों-रात स्टार बना दिया था। उस फिल्म में उनके साथ जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिका में थे। अब चार दशकों के लंबे इंतजार के बाद इन दोनों कलाकारों को एक साथ देखना दर्शकों के लिए पुरानी यादों को ताजा करने जैसा होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स ने दोनों के किरदारों को उनकी उम्र के हिसाब से बेहद खूबसूरती से गढ़ा है, जो कहानी में पुराने दौर के नॉस्टैल्जिया के साथ-साथ एक नयापन भी जोड़ेगा।

## अंधेरी और पवई में चल रही है शूटिंग..

रिपोर्ट के अनुसार 8 एपिसोड वाली इस क्राइम/कोर्टरूम ड्रामा सीरीज की शूटिंग मुंबई के अंधेरी वेस्ट में चल रही है। अंधेरी के बाद इस शो का मुख्य शूटिंग शेड्यूल मुंबई के पवई इलाके में पूरा किया जाएगा।

इस सीरीज में केवल मीनाक्षी और जैकी ही नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा के कई और मशहूर चेहरे भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। सीरीज में भाग्यश्री, राम कपूर और अनुप्रिया गोयनका भी अहम किरदारों में हैं। भाग्यश्री और राम कपूर शो में एक अन्य दंपत्ति की भूमिका निभा रहे हैं। चूंकि राम कपूर इस वक्त किसी अन्य प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं, इसलिए वे आने वाले दिनों में शूटिंग शेड्यूल से जुड़ेंगे। फिलहाल मेकर्स प्राइमरी शेड्यूल को पूरा करने में जुटे हुए हैं।

## मीनाक्षी शेषाद्रि और जैकी श्रॉफ की पुरानी फिल्में..

'नानावटी वर्सेस नानावटी' से पहले मीनाक्षी शेषाद्रि और जैकी श्रॉफ की जोड़ी ने कई यादगार फिल्मों में साथ काम किया है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'हीरो' (1983) के अलावा यह जोड़ी 'दहलीज' (1986) और 'अल्लाह रखा' (1986) जैसी चर्चित फिल्मों में भी नजर आ चुकी है। 80 के दशक में दर्शकों ने इनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को बेहद प्यार दिया था। बता दें, कुछ दिनों पहले मीनाक्षी शेषाद्रि ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया था और अपील की थी कि वो अब भारत वापसी कर चुकी है और हिंदी फिल्मों में काम करना चाहती हैं। उनका वीडियो काफी वायरल हुआ था।

## आधिकारिक घोषणा का इंतजार..

हालांकि सीरीज की शूटिंग मुंबई में तेजी से चल रही है, लेकिन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो की ओर से अभी तक इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

माना जा रहा है कि शूटिंग का बड़ा हिस्सा पूरा होने के बाद ही मेकर्स और ओटीटी प्लेटफॉर्म की तरफ से इसकी औपचारिक घोषणा और फर्स्ट लुक रिलीज किया जाएगा।

# इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर केविन कीगन का हुआ निधन, कैंसर से थे पीड़ित..

डेस्क जगप्रेरणा।

***इंग्लैंड फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और मैनेजर केविन कीगन का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके पुराने क्लब न्यूकैसल यूनाइटेड ने 20 जुलाई को उनके निधन की पुष्टि की। कीगन पिछले कुछ समय से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे।***



इस साल जनवरी में उनके परिवार और न्यूकैसल यूनाइटेड ने बताया था कि वे कैंसर से पीड़ित हैं, हालांकि तब बीमारी की ज्यादा जानकारी नहीं दी गई थी। इसके बाद जून में खुद कीगन ने बताया था कि उन्हें स्टेज-4 कैंसर है। हाल ही में खेले गए फीफा वर्ल्ड कप 2026 में इंग्लैंड की टीम तीसरे पोजीशन पर अपने अभियान को खत्म किया था।

## न्यूकैसल यूनाइटेड क्लब ने कीगन की निधन पर जताया दुख..

न्यूकैसल यूनाइटेड क्लब ने कीगन के निधन पर दुख जताते हुए अपने बयान में कहा कि वे केविन कीगन के जाने से बहुत दुखी हैं। कीगन उनके क्लब के इतिहास के सबसे मशहूर, असरदार और पसंदीदा इंसानों में से एक थे। क्लब ने बताया कि एक खिलाड़ी के रूप में कीगन ने अपने बेहतरीन खेल, बड़े सपनों और शानदार कप्तानी से सेंट जेम्स पार्क को एक नई पहचान दी। वहीं एक मैनेजर (कोच) के तौर पर उन्होंने पूरे क्लब और शहर में एक नई उम्मीद भर दी थी। उनकी टीम जिस आक्रामक अंदाज, हिम्मत और जूनून के साथ खेलती थी, उसने दुनिया भर के फुटबॉल फैंस का दिल जीता था।

## कीगन ने दो बार जीता था बैलन डी'ओर' अवॉर्ड..

केविन कीगन इंग्लैंड के सबसे शानदार और बड़े फुटबॉल खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। उन्होंने अपने खेल की शुरुआत लिवरपूल क्लब से की और वहां रहते हुए कई बड़े टूर्नामेंट जीते। इसके बाद वे जर्मनी के हैम्बर्ग क्लब में शामिल हुए और वहां भी बहुत नाम कमाया।

उनके बेहतरीन प्रदर्शन की वजह से उन्हें 1978 और 1979 में लगातार दो बार दुनिया का सबसे बड़ा फुटबॉल अवॉर्ड 'बैलन डी'ओर' मिला। इसी बड़ी उपलब्धि के कारण उनका नाम फुटबॉल के सबसे महान खिलाड़ियों में शामिल हो गया।

## इंग्लैंड के लिए केविन कीगन ने खेला था 63 मैच..

केविन कीगन ने 1972 से 1982 के दौरान इंग्लैंड के लिए 63 इंटरनेशनल मैच खेले और इस दौरान उन्होंने 21 गोल दागे। कीगन ने इस दौरान 31 मैचों में अपनी टीम की कप्तानी की और इंग्लैंड फुटबॉल की बड़ी पहचान बने। उनके दुनिया से जाने से फुटबॉल जगत ने एक बहुत ही सम्मानित खिलाड़ी को खो दिया है। फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद उन्होंने कोच के तौर पर भी शानदार काम किया। उन्होंने 1999 से 2000 तक इंग्लैंड की नेशनल टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी भी संभाली।

# वर्ल्ड कप फाइनल हार के बाद अर्जेंटीना लौटे मेसी, टीम की एक झलक पाने के लिए सड़कों पर उमड़ा फैंस का हुजूम..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

फीफा कप 2026 के फाइनल में स्पेन से मिली हार के बाद अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी 21 जुलाई को अपने वतन लौट आए। टूर्नामेंट के बेहद व्यस्त कार्यक्रम के बाद मेसी अब कुछ दिनों तक परिवार के साथ आराम करेंगे।



हालांकि, अपने चहेते खिलाड़ी की एक झलक पाने के लिए सुबह-सुबह बड़ी संख्या में फैंस एयरपोर्ट पहुंचे, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी क्योंकि मेसी बिना किसी से मिले सीधे अपने घर रवाना हो गए। मेसी का निजी विमान मंगलवार सुबह 6:27 बजे अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित फोर्ट लॉडरडेल से अर्जेंटीना के रोजारियो के पास उतरा। एयरपोर्ट पर फैंस अर्जेंटीना के झंडे के साथ कई घंटे पहले से मौजूद थे।

कुछ लोग रात 3:30 बजे से ही वहां पहुंच गए थे, लेकिन मेसी ने किसी से मुलाकात नहीं की। समर्थकों को सिर्फ वह **SUV** दिखाई दी, जो मेसी, उनकी पत्नी एंटोनेला रोक्कूजो और तीनों बच्चों को लेकर रोजारियो के पास स्थित निजी इलाके फ्यूनेस के लिए रवाना हो गई।

## टीम के स्वागत के लिए लाखों फैंस सड़क पर उतरे..

मेसी भले ही एयरपोर्ट से अपने घर के लिए रवाना हो गए, लेकिन अर्जेंटीना की 26 सदस्यीय वर्ल्ड कप टीम के 15 खिलाड़ी और मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी सोमवार को ही चार्टर्ड विमान से ब्यूनस आयर्स पहुंच चुके थे। इसके बाद ये सभी एयरपोर्ट से अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के मुख्यालय बस से पहुंचे। इस दौरान लाखों की तादाद में फैंस अपने चहेते खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए बेताब नजर आए।

## टूर्नामेंट में मेसी ने दागे 8 गोल

वर्ल्ड कप फाइनल में अर्जेंटीना को रविवार को न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में खेले गए मुकाबले में स्पेन ने अतिरिक्त समय में 1-0 से हराया था। स्पेन की ओर से फेरान टोरेस ने निर्णायक गोल किया। यह मेसी के करियर का तीसरा वर्ल्ड कप फाइनल था। इससे पहले वह 2014 और 2022 में भी फाइनल खेल चुके हैं।

टूर्नामेंट में मेसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ गोल किए और गोल्डन बूट की दौड़ में दूसरे स्थान पर रहे। फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे ने 10 गोल के साथ लगातार दूसरी बार गोल्डन बूट जीता। अब मेसी कुछ दिनों के आराम के बाद जुलाई के अंत या अगस्त की शुरुआत में इंटर मियामी के साथ मेजर लीग सॉकर यानी **MLS** में फिर से मैदान पर लौटेंगे।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433





जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## मेरा नाम आजाद : चंद्रशेखर..



आजाद एक ऐसा शब्द है जो महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के साथ जुड़ा है। इन्होंने अपनी पूरी जिंदगी को आजाद रखने का वचन लिया था और उसे आखिरी सांस तक निभाया भी। ऐसे मैं हूं आजाद! आजाद थे! आजाद ही रहे! आजादी के महानायक, मां भारती के सच्चे उपासक जगदानी देवी- पंडित सीताराम तिवारी के सपूत चंद्रशेखर आजाद का अवतरण 23 जुलाई, 1906 को मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा नामक स्थान पर हुआ था। चंद्रशेखर का बचपन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में स्थित भाबरा गांव में बीता था। यहां पर चंद्रशेखर ने भील बालकों के साथ खूब धनुष बाण चलाए थे। जिसके कारण उन्होंने निशानेबाजी बचपन में ही सीख ली थी।

स्तुत्य, जलियांवाला बाग कांड के समय चन्द्रशेखर बनारस में पढ़ाई कर रहे थे। जब गांधीजी ने सन् 1921 में असहयोग आन्दोलन शुरू किया तो वे अपनी पढ़ाई छोड़कर सड़क पर उतर आए। इन्होंने अपना पूरा जीवन देश की आजादी की लड़ाई के लिए कुर्बान कर दिया। चंद्रशेखर बेहद कम्र उम्र में देश की आजादी की लड़ाई का हिस्सा बने थे। जब सन् 1922 में चौरी चौरा की घटना के बाद गांधीजी ने अपना आंदोलन वापस ले लिया तो चंद्रशेखर का कांग्रेस से मोहभंग हो गया। इसके बाद वे पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल और शचीन्द्रनाथ सान्याल, योगेश चन्द्र चटर्जी द्वारा 1924 में गठित हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ गए। इस एसोसिएशन के साथ जुड़ने के बाद चंद्रशेखर ने रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में काकोरी कांड 1925 में पहली बार सक्रिय रूप से भाग लिया।

कालजयी, आजाद, भगत सिंह और राजगुरु ने मिलकर 17 दिसंबर, 1928 की शाम को लाहौर में पुलिस अधीक्षक जेपी सांडर्स को मार दिया। जब सांडर्स के अंगरक्षक ने उनका पीछा किया, तो चंद्रशेखर ने अपनी गोली से उसे भी समाप्त कर दिया। इस हत्याकांड के बाद लाहौर में जगह-जगह परचे चिपका दिए गए, जिन पर लिखा था- लाला लाजपतराय की मृत्यु का बदला ले लिया गया है। चंद्रशेखर ने भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की फांसी रुकवाने के लिए दुर्गा भाभी को गांधीजी के पास भेजा था, लेकिन वहां से उन्हें कोरा जवाब मिल गया था। चंद्रशेखर ने इन तीनों की सजा कम कराने का काफी प्रयास किया था। वे पण्डित नेहरू से भी आग्रह किए थे कि तीनों की फांसी को उम्रकैद में बदलवा दिया जाए, लेकिन सफलता नहीं मिली।

मंत्रमुग्ध, चंद्रशेखर को 'आजाद' नाम एक खास वजह से मिला। चंद्रशेखर जब 15 साल के थे तब उन्हें किसी केस में एक जज के सामने पेश किया गया। वहां पर जब जज ने उनका नाम पूछा तो उन्होंने ने कहा, मेरा नाम आजाद है, मेरे पिता का नाम स्वतंत्रता और मेरा घर जेल है'। जज ये सुनने के बाद भड़क गए और चंद्रशेखर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई, यही से उनका नाम आजाद पड़ गया। चंद्रशेखर पूरी जिंदगी अपने आप को आजाद रखना चाहते थे। अभिभूत चंद्रशेखर आजाद का कहना था, देश की स्वतंत्रता के लिए विपत्तियों से युद्ध करना, देश आजादी ही मेरा राष्ट्रधर्म है।

अविनाशी, अंग्रेजों से लड़ाई करने के लिए चंद्रशेखर आजाद इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में सुखदेव और अपने एक अन्य साथियों के साथ बैठकर आगामी योजना बना रहे थे। इस बात की जानकारी अंग्रेजों को पहले से ही मिल गई थी। जिसके कारण अचानक अंग्रेज पुलिस ने उन पर हमला कर दिया। चंद्रशेखर आजाद ने अपने साथियों को वहां से भगा दिया और अकेले अंग्रेजों से लोहा लगने लगे।

इस लड़ाई में पुलिस की गोलियों से आजाद बुरी तरह घायल हो गए थे। वे सैकड़ों पुलिस वालों के सामने 20 मिनट तक लड़ते रहे थे। उन्होंने संकल्प लिया था कि वे न कभी पकड़े जाएंगे और न ब्रिटिश सरकार उन्हें फांसी दे सकेगी। इसीलिए अपने संकल्प को पूरा करने के लिए अपनी पिस्तौल की आखिरी गोली खुद को मार ली और मातृभूमि के लिए महज 24 बरस की अल्पायु में 27 फरवरी 1931 को प्राणों की आहुति दे दी। इतिहास के अमर पन्नों में दर्ज यह वीरगाथा सदा-सर्वदा प्रेरणापुंज रहेगी। वंदेमातरम्!

लेखक



**हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार व लेखक,**

## बस ख़ामोशी से देखते रहो..

बस ख़ामोशी से देखते रहो,
जुल्म चुप-चाप सहते रहो।

वोट डाल के सब भूलो तुम,
सच के लिए बस मरते रहो।

सत्यवादियों का शासन है ये,
झूठी जनता को कहते रहो।

सच कहते हैं ये नेता सारे ही,
पैसे और दारू में बिकते रहो।

राजा के सेवक जनता होते हैं,
क्यों तुम इन्हें सेवक कहते रहो।

अधिकार केवल सरकार बनाना,
हक के लिए सदा ही लड़ते रहो।

बातें जो सबकी यहाँ करे 'उजाला',
वो राजद्रोही के नाम पे जलते रहो।

**अनिल कसेर 'उजाला'**


**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।


## कभी रहे जो सात्विक दीक्षित..

कभी रहे जो सात्विक दीक्षित,
पद पाकर कर सकते पीड़ित;
पाकर प्रभुता और महत्ता,
वे भी हो सकते आक्रांता!

हर पल प्रकृति बदलती चलती,
सृष्टि कहाँ वैसी ही रहती;
पाण्डव कल कौरव हो सकते,
नये मुकुल हर शाखा उगते!

आपेक्षिक है जगत् जागरण,
हटते जाते प्रकृति आवरण;
कितने आयामों के विनिमय,
उद्भासित हो करते थिरकन!

अंधकार हर परत रहा है,
नव प्रभात नित उझक रहा है;
हर आत्मा में ब्रह्म रमा है,
रूप बदल आलोक प्रबल है!

हर पत्ता सत्ता आता है,
नाच कूद कर चल देता है;
'मधु' ब्रह्माण्ड प्रभु प्रतिपादित,
हर अंकुर उनके उर उमगत!

**डॉ. गोपाल बघेल 'मधु'**

## दशा महा दशा

आजाद भारत का दृश्य।
आजादी के पूर्व।
ऐसी दशा महा दशा नहीं थी।
तब खून परिवर्तित
की लड़ाई थी।
अब तो अपने
अपनों का खून है।
फिर क्यों इतना आतंकवाद।
क्या अन्तर रह गया।
आज सच बोलने पर।
इतना प्रतिबन्ध।
यह विहंगावलोकन।
विश्व देख रहा है।
कुछ तो सोचिए।
क्या महाभारत का परिदृश्य।
दोहराया जायेगा।
उस समय भी।
भीष्म पितामह लाचार थे।
आज भी वे सब देखे।
जा रहे है।
पृथ्वीराज पर जो
खून टपक रहा।
कल उनका भी टपकेगा?

लेखक



**आचार्य डॉ. वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'**

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 225

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | ■ | 6 | 7 | | ■ | 8 | | ■ | 9 | ■ | 10 | ■ | 11 | 12 | |
| 13 | | | | ■ | 14 | 15 | | | ■ | 16 | | ■ | 17 | | | | ■ | 18 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | 21 | | ■ | 22 | | | ■ | 23 | 24 | | | 25 |
| 26 | 27 | ■ | 28 | ■ | | ■ | 29 | | | ■ | 30 | | | | 31 | ■ | | ■ | 32 | |
| 33 | | 34 | | ■ | 35 | 36 | | ■ | 37 | 38 | | | | ■ | 39 | | | 40 | ■ | |
| | ■ | 41 | | | ■ | 42 | | | ■ | 43 | | | ■ | 44 | | ■ | ■ | 45 | 46 | ■ |
| 47 | | | | ■ | 48 | | | ■ | 49 | | ■ | 50 | 51 | ■ | 52 | 53 | 54 | ■ | 55 | 56 |
| | ■ | | ■ | 57 | | | ■ | 58 | | ■ | 59 | | | ■ | 60 | | | 61 | ■ | |
| 62 | 63 | ■ | 64 | | | ■ | 65 | | ■ | 66 | | ■ | 67 | 68 | | | ■ | 69 | | |
| ■ | 70 | 71 | | ■ | 72 | 73 | | ■ | 74 | | | 75 | ■ | 76 | | ■ | 77 | | ■ | |
| 78 | | | | 79 | | | ■ | 80 | ■ | 81 | | | 82 | | ■ | 83 | ■ | 84 | | |
| 85 | | ■ | 86 | | ■ | | ■ | 87 | | | | ■ | | ■ | 88 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 89 | ■ | 90 | 91 | | 92 | | ■ | ■ | 93 | 94 | ■ | 95 | ■ | | ■ | 96 | 97 | |
| 98 | | | 99 | ■ | | ■ | 100 | | | ■ | 101 | | | | 102 | | 103 | | | |
| ■ | ■ | 104 | | | | 105 | ■ | | ■ | 106 | | | ■ | 107 | | ■ | | ■ | | ■ |
| 108 | | ■ | | ■ | 109 | | | ■ | 110 | | | ■ | 111 | | | | ■ | 112 | | |

**ck;i l; nk;i !&** 1) एक देश जिसकी राजधानी काबूल है 6) भारत में सर्वाधिक चाय उत्पादित करनेवाला एक पूर्वी राज्य 8) मूषक 11) लक्ष्मी 13) विक्षिप्त, पागल 14) वेश्या 16) कृष्ण दिवानी प्रसिद्ध स्त्री संत का नाम 17) बिना वजह के 18) एक तौल या परिमाण 19) कटि 20) चीजें, उपकरण 22) जीत 23) ख्याति प्राप्त करना इस अर्थवाला एक मुहावरा 26) यश, विजय 29) मुर्दे को कबर में गाड़ना 30) भारी 32) जुलूस में दी जानेवाली घोषणा 33) बहू की मां (रिश्ता) 35) पंकज, राजीव 37) असफलता 39) एक प्रसिद्ध चीनी यात्री जिसने सर्वप्रथम भारत की यात्रा की थी 41) महाभारत के पांच पांडवों में से एक 42) दुर्घटना 43) पति की बहन 44) धीमा, सुस्त 45) दिया, दीपक 47) पतंगा 48) दुर्भिक्ष्य 49) चुप्पी,, न बोलना 50) संदेह 52) दूरी,, अन्तर 55) नक्षत्र 57) वंश 58) समाप्ति 59) भूपृष्ठ, भूमि 60) कहा जाना, कहने का काम दूसरे से कराना 62) किश्ती 64) कठिन, दुःसाध्य 65) अंश, हिस्सा 66) रोटी सेंकने का गोल उपकरण 67) कैंची से काटना 69) लोभ, अधिक से अधिक मिलने की इच्छा 70) भाग्य 72) मुंबई का एक प्रमुख उपनगर 74) पीड़ा से मुंह से शब्द निकलना 76) ले आना 77) डर, आतंक 78) इधर उधर व्यर्थ भटकना इस अर्थ का एक मुहावरा 81) लज्जाजनक 84) खुले स्थान को घेरने के लिए लगाया जानेवाला मोटा कपड़ा 85) धूल 86) थोड़ासा, बुढ़ापा 87) अकाली दल के एक प्रमुख नेता का कुल नाम 88) मदिरा, मद्य 90) मेहराबदार 93) भाग्य (अंग्रेजी) 96) एक सुगंधित वृक्ष जिसकी लकड़ी भी सुगंधित होती है 98) चलन में आनेवाले सिक्के ढालने का कारखाना 100) वक्त, काल 101) आझाद हिंद फौज के संस्थापक 104) सावधान 106) बड़ी विपत्ति 107) ईश्वर, भगवान 108) भारतीय फिल्म जगत की पहली सुपरहिट 70 एम. एम. फिल्म 109) ठंड़ में ओढ़ी जानेवाली रुई भरी एक किस्म की मोटी चादर 110) इज्जत, सतीत्व 111) आचार्य विनोबा भावे का आश्रम महाराष्ट्र के वर्धा जिले में इस गांव में है 112) स्वर्णकार

**Åij l; uhp !&** 1) दुविधा में पड़ना इस अर्थवाला एक मुहावरा 2) एक पशु के बाल जिनसे कोट या टोपियां बनाई जाती है 3) असावधान 4) विशुद्ध, बिना मिलावट का, एकमात्र 5) सिर झुका कर प्रणाम करना 6) आमदनी 7) एकदम स्पष्ट 8) चूर्ण 9) नियमानुसार 10) गिनती 11) ओडिशा का एक प्रमुख शहर 12) स्वेच्छा चारिता पूर्ण काम 15) दिन 16) बारह राशियों में से एक 17) अपरिचित 21) स्वीकार करना 22) दशहरा 24) एक देश जिसका वर्तमान नाम मलेशिया है 25) अप्रसन्न, नाखुष 27) काल, मृत्यू देव 28) न अधिक गरम प अधिक ठंड़ा (पानी) 29) कीचड़युक्त जमीन जिसमे पैर पड़ते ही अन्दर धंस जाता है 30) उलटी 31) दूर करना, हटाना इस अर्थवाला एक मुहावरा 34) अमीर, धनी 36) उज्जैन के शिवलिंग का नाम 38) जंगल, वन 40) सरिता 46) ठिकाना 48) प्रभावी, प्रभावशाली 49) मृत्यू 51) सोना, सुवर्ण 53) सहन करना 54) दुकानदारों के लिए प्रयुक्त एक संबोधन 56) गोस्वामी तुलसीदासजीद्वारा रचित श्रीराम कथा 57) आकाश 58) शारीरिक अवयव 59) हमारे पहले प्रधानमंत्री 61) जो मनुष्य किसी काम का न हो, अयोग्य 63) शेर 64) गेंहू की एक किस्म 65) वजन 66) पत्थर, हीरे आदि को काटकर सुंदर बनाना 68) विवाह विच्छेद 71) सरहद 73) लगातार (मारना) 75) व्यक्तियों का संबोधनवाची शब्द 78) मारने – काटने की क्रिया 79) खोज, चिंता 80) गुजरात राज्य की एक प्रमुख नदी 82) स्त्री 83) जिसमें मांस न हो, शाकाहारी 89) हिन्दूओं का दूसरा महीना 91) धनवान 92) सेवक 94) पंक्ति 95) श्रीकृष्ण के जन्मदाता 96) चन्द्रमा 97) धर दबाना 99) झूठ बोलनेवाला, गप हांकनेवाला 102) मन का विचार, कल्पना 103) कुछ, थोड़ेसे 105) छुट्टी 106) किस समय (जवाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ■ | श | र | द | ■ | शा | य | द | ■ | बा | र | ह | मा | सा | ■ | स | ह | म | त | ■ |
| ज | न | ■ | ह | नु | मा | न | ■ | फ | रा | र | ■ | ता | ■ | म | द | द | क | र | ना | ■ |
| ग | ■ | स | मा | ज | ■ | दा | म | न | ■ | बा | र | ह | ■ | ■ | र | मा | ■ | दा | व | त |
| ति | ल | ह | न | ■ | भा | र | त | ■ | ब | र | सा | त | ■ | स | खा | ■ | ची | न | ■ | र्क |
| ■ | ग | ज | ■ | म | नु | ■ | ल | ड़ | ना | ■ | त | ■ | क | न | स्त | र | ■ | गी | ला | ■ |
| ला | भ | ■ | ना | का | म | या | ब | ■ | र | सा | ल | ■ | द | म | ■ | खा | त | ■ | ज | य |
| ■ | ग | वीं | ला | ■ | ती | स | ■ | क | स | म | ■ | क | ■ | ■ | ज | वा | ह | र | ■ | म |
| ला | ■ | ■ | य | दि | ■ | र | ह | म | ■ | दा | म | ल | गा | ना | ■ | ल | ■ | ति | ल | क |
| ल | ता | ■ | क | ■ | सू | अ | र | ■ | ■ | म | हा | र | ■ | द | म | दा | र | ■ | ह | ■ |
| ब | ल | वा | ■ | अ | ज | रा | म | र | ■ | दं | ड | व | त | ■ | न | र | ■ | उ | जा | ला |
| हा | ■ | त | ब | ■ | न | फा | ■ | वि | ■ | ड | ■ | ■ | ह | व | न | ■ | ब | म | ■ | ली |
| दु | म | ■ | र | सा | ■ | त | ल | ■ | अ | भे | द्य | ■ | की | च | ■ | बा | र | दा | ना | ■ |
| र | ख | र | खा | व | ■ | ■ | ब | ग | दा | द | ■ | म | का | न | मा | लि | क | ■ | म | त |
| शा | ■ | स्सा | ■ | र | ज | त | ■ | त | क | ■ | हा | ल | त | ■ | ज | का | त | ■ | क | ल |
| स्त्री | त्व | ■ | श | क | ल | ■ | रे | ■ | र | ब | र | ■ | ■ | खा | रा | ■ | ■ | धा | र | क |
| ■ | चा | ह | क | र | ■ | खा | त | र | ना | क | ■ | वि | रा | ट | ■ | क | ण | क | ण | ■ |

anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# तेल संयंत्रों, मिलों के खरीद दाम घटाने से सरसों तेल-तिलहन में गिरावट

नई दिल्ली, (भाषा)।

***विदेशी बाजारों में सुधार के रुख के बावजूद देश की मंडियों में बुधवार को तेल मिलों द्वारा खरीद दाम घटाने से सरसों तेल-तिलहन और तेल संयंत्रों द्वारा कम दाम बोलने के कारण सोयाबीन तिलहन में गिरावट देखी गई।***



कामकाज बेहद कमजोर रहने से बिनौला तेल के दाम में भी गिरावट दर्ज हुई। सुस्त कामकाज तथा लागत से नीचे दाम पर बिकवाली जारी रहने के बीच सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल स्थिर बने रहे। मलेशिया और शिकॉगो एक्सचेंज में सुधार का रुख था।

बाजार सूत्रों के अनुसार, तेल मिलों ने सस्ते में खरीद करने के मकसद से सरसों के दाम घटा दिये जो सरसों तेल-तिलहन में गिरावट आने का मुख्य कारण है। इसी प्रकार सोयाबीन के संयंत्रों ने भी सोयाबीन खरीद का दाम घटाकर बोलना शुरू किया जिसके बाद बेहतर दाम का स्वाद चख चुके किसानों ने मंडियों में आवक की मात्रा घटा दी। तेल मिलों और तेल संयंत्रों द्वारा तिलहन का दाम नीचा बोले जाने की वजह से सरसों तेल-तिलहन और सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट रही।

उन्होंने कहा कि हालांकि, शिकागो एक्सचेंज में तेजी के बावजूद देश में लागत से नीचे दाम पर बिकवाली जारी रहने के बीच सोयाबीन तेल के भाव स्थिर देखे गये।

सूत्रों ने कहा कि देश भर की मंडियों में सोयाबीन की आवक मंगलवार के एक लाख पांच हजार बोरी के मुकाबले आज घटकर लगभग 90 हजार बोरी ही रह गई जबकि देश में इसकी प्रतिदिन की खपत ढाई से तीन लाख बोरी की है। सोयाबीन की अगली फसल अब अक्टूबर में आयेगी। इस कमी के अंतर को कैसे और कौन सा तेल पूरा करेगा, इस पर विचार करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि शिकॉगो एक्सचेंज में पिछले दो दिन से सोयाबीन के तेलरहित खल (डीओसी) की मजबूत मांग कायम है। इसका आगे के कारोबार पर असर देखा जा सकता है।

सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल स्थिर बने रहे।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे..

सरसों तिलहन - 8,075-8,100 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 7,350-7,925 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 17,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,665-2,965 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 16,400 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,685-2,785 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,685-2,835 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,220 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,775 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,500 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 14,500 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,400-7,450 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,250-7,325 रुपये प्रति क्विंटल।

# विदेशी निवेश की वापसी अर्थव्यवस्था पर भरोसा बढ़ने के संकेतः आरबीआई बुलेटिन

मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय अर्थव्यवस्था ने बाहरी अनिश्चितताओं का बखूबी सामना किया है और हाल के महीनों में विदेशी निवेश में सुधार से भरोसा लौटने का संकेत मिलता है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुधवार को जारी बुलेटिन में यह कहा गया।***




केंद्रीय बैंक के जुलाई बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि दुनिया में अनिश्चितता और आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में काफी अनिश्चितता बनी हुई है।

लेख के अनुसार, ''इन अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है और जून तक आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनाए रखने में कामयाब रहा है। औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के संकेतक मजबूत बने रहे।''

'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर लिखे लेख में यह भी कहा गया है कि कृषि क्षेत्र में दक्षिण-पश्चिम मानसून का वितरण समान नहीं है। हालांकि, खाद्यान्न भंडार संतोषजनक होने से खाद्य महंगाई पर इसका प्रभाव काफी हद तक नियंत्रित रह सकता है। इसमें कहा गया कि 2026-27 की पहली तिमाही में निर्यात और आयात में हुई अच्छी वृद्धि से पता चलता है कि विदेश व्यापार की रफ्तार बनी रही।

भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के लागू होने तथा अन्य द्विपक्षीय व्यापार समझौतों में हो रही प्रगति से देश की आर्थिक गतिविधियों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

लेख में लिखा गया, ''भारत के बाह्य क्षेत्र से जुड़े जोखिम संकेतक मजबूत बने हुए हैं। हाल के महीनों में विदेशी निवेश में सुधार से भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ने के संकेत मिलते हैं।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने बीते महीने शुद्ध रूप से निवेश किया। इसका कारण बॉन्ड बाजार के लिए नीतिगत समर्थन और वैश्विक स्तर पर तनाव में कमी है।

एफपीआई ने इक्विटी और बॉन्ड बाजार में जुलाई में (20 जुलाई तक) कुल 3.1 अरब डॉलर का निवेश किया। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) अप्रैल-मई 2026 के दौरान सकल और शुद्ध, दोनों आधार पर बढ़ा। इस दौरान जापान, सिंगापुर और मॉरीशस से कुल इक्विटी निवेश का लगभग 74 प्रतिशत प्राप्त हुआ।

वित्तीय सेवाएं, विनिर्माण, खुदरा एवं थोक व्यापार तथा कंप्यूटर सेवाएं सबसे अधिक निवेश आकर्षित करने वाले क्षेत्र रहे। इनमें कुल निवेश का करीब 80 प्रतिशत आया।

लेख के अनुसार, भारतीय कंपनियों के विदेशी निवेश का लगभग 74 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका, केमैन आइलैंड और नीदरलैंड में गया। इसमें वित्तीय, बीमा एवं व्यावसायिक सेवाओं तथा विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत से अधिक रही।

कीमत स्थिति के बारे में इसमें कहा गया है कि जून, 2026 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई बढ़कर 18 महीने के उच्च स्तर 4.4 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि मई में यह 3.9 प्रतिशत थी। जनवरी, 2025 के बाद यह पहली बार आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर पहुंची है।

खाद्य एवं पेय पदार्थों तथा ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी महंगाई बढ़ने का मुख्य कारण रही, जबकि कोर यानी मुख्य मुद्रास्फीति लगभग स्थिर रही। आरबीआई ने हालांकि स्पष्ट किया कि बुलेटिन में प्रकाशित लेख में व्यक्त विचार लेखकों के निजी हैं और इन्हें भारतीय रिजर्व बैंक का आधिकारिक दृष्टिकोण नहीं माना जाना चाहिए।

# सैमसंग ने गैलेक्सी जेड सीरीज के तीन नए फोल्डेबल स्मार्टफोन पेश किए, भारत में बदलेगी रणनीति..

लंदन, (भाषा)।

***दक्षिण कोरिया की दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने बुधवार को गैलेक्सी जेड8 सीरीज के तहत तीन फोल्डेबल स्मार्टफोन पेश किए। इस सीरीज के तहत पेश स्मार्टफोन में गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा,***



गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 शामिल हैं। कंपनी ने नए मॉडल को अलग-अलग तरह के उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर पेश किया है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी एम रोह ने कहा, ''एआई के अधिक स्वायत्त होते जाने के साथ मोबाइल उपकरण ऐसे अनुभवों के सबसे व्यक्तिगत माध्यम बन जाएंगे, जो हर उपयोगकर्ता को समझते हैं और उसके हिसाब से खुद को ढाल लेते हैं।''

सैमसंग ने भारत में इन प्रीमियम फोल्डेबल उपकरणों की बिक्री बढ़ाने के लिए आक्रामक रणनीति का भी घोषणा की। कंपनी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए 30 महीने की बिना ब्याज वाली मासिक किस्त (ईएमआई) की सुविधा भी लाने जा रही है। इसके अलावा देशभर में वितरण नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा और अधिक दुकानों पर इन फोल्डेबल फोन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। भारत में इन उपकरणों की अग्रिम बुकिंग बुधवार रात से शुरू होगी, जबकि बिक्री अगले महीने की शुरुआत में होगी। कंपनी के अनुसार, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा और फोल्ड8 में बड़े डिस्प्ले दिए गए हैं, जबकि फ्लिप8 में बाहरी स्क्रीन के जरिये भी कुछ काम किए जा सकते हैं। इस सीरीज में कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े नए फीचर भी जोड़े गए हैं। गैलेक्सी जेड फोल्ड सीरीज की शुरुआत 2019 में हुई थी और अब इसका आठवां संस्करण पेश किया गया है। इस खंड में अब सैमसंग को वीवो और मोटोरोला जैसी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।

# समुद्री परियोजनाओं के पहले चरण में केरल को 10,000 करोड़ के निवेश की उम्मीदः मुख्यमंत्री..

कोच्चि, (भाषा)।

***केरल के मुख्यमंत्री वी. डी. सतीशन ने बुधवार को कहा कि राज्य को अपनी 'मिशन समुद्र' पहल के तहत योजनाबद्ध विभिन्न समुद्री क्षेत्र की परियोजनाओं के पहले चरण में लगभग 10,000 करोड़ रुपये का निवेश मिलने की उम्मीद है।***



साथ ही, उन्होंने उन मीडिया खबरों को खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि उन्होंने टाटा समूह के साथ बातचीत करने से इनकार किया था।

केरल में टाटा समूह के प्रस्तावित जहाज निर्माण उद्यम पर अपनी हालिया टिप्पणियों को लेकर हुए विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनी के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात की थी और राज्य में उनके प्रस्तावित निवेश से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की थी।

यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया ने खबर दी थी कि उन्होंने टाटा समूह से बात नहीं की है, लेकिन बाद में बैठक की तस्वीरें सामने आईं।

सतीशन ने कहा कि कंपनी की प्रस्तावित जहाज निर्माण परियोजना से संबंधित कुछ मुद्दे, जिनमें मालाबार सीमेंट्स और कोचीन पोर्ट शामिल थे, लंबित थे।

उन्होंने कहा, ''सरकार ने उन मुद्दों को सुलझा लिया है और कंपनी के प्रतिनिधियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। हमने टाटा समूह से केरल में और अधिक निवेश लाने का आग्रह किया है।'' उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने राज्य के उद्योग विभाग में कंटेनर फायर स्टेशन स्थापित करने से संबंधित अंतर-एजेंसी विवाद को 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है।

उन्होंने कहा कि बंदरगाह क्षेत्र से संबंधित कई निवेश प्रस्तावों की भी जांच की जा रही है और उनके आर्थिक मॉडल का मूल्यांकन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''पहले चरण में ही, हमें इन पहल के तहत लगभग 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है।''

हाल ही में, सतीशन ने घोषणा की थी कि टाटा समूह केरल में अपना पहला जहाज निर्माण उद्यम स्थापित करेगा और राज्य में जहाज की मरम्मत और रखरखाव की सुविधाएं भी स्थापित की जाएंगी।

खबरों के अनुसार, समूह के एक प्रवक्ता ने स्पष्ट किया था कि ऐसी कोई परियोजना विचाराधीन नहीं थी। इस बात पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद राज्य सरकार ने साफकिया कि मुख्यमंत्री की टिप्पणी 'मिशन समुद्र' के तहत केरल के लंबे समय के समुद्री विकास के दृष्टिकोण को दिखाती है और इसका मतलब यह नहीं था कि टाटा ग्रुप के साथ निवेश का कोई नया प्रस्ताव पहले ही तय हो चुका है।

राज्य के उद्योग मंत्री पी.के. कुन्हालीकुट्टी ने भी साफकिया था कि उन्होंने और मुख्यमंत्री ने हाल ही में विधानसभा सत्र के दौरान टाटा ग्रुप के प्रतिनिधियों के साथ केरल में कंपनी की प्रस्तावित जहाज निर्माण परियोजना पर बातचीत की थी और बैठक की तस्वीरें भी जारी की थीं।

जब पत्रकारों ने राज्य में केंद्र की पीएम श्री योजना को लागू करने के बारे में सरकार को सौंपी जाने वाली मंत्री-स्तरीय उप-समिति की रिपोर्ट के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा कि इसे अभी सौंपा जाना बाकी है और इसके सौंपे जाने पर ही कोई फैसला लिया जाएगा।

# कच्चे तेल में उछाल, भू-राजनीतिक तनाव से रुपया 28 पैसे टूटकर 96.53 प्रति डॉलर पर..

मुंबई, (भाषा)।

***कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के दबाव में रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे टूटकर 96.53 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया।***

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.36 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 96.25 से 96.60 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 96.53 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 28 पैसे की गिरावट है।

रुपया मंगलवार को 11 पैसे की बढ़त के साथ 96.25 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, '' मंगलवार की थोड़े समय की तेजी के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण भारतीय रुपये पर फिर दबाव बन गया है।''

उन्होंने कहा कि अमेरिकी शुल्क संबंधी बयानबाजी को लेकर फिर बढ़ी चिंताओं ने भी बाजार धारणा को कमजोर किया है। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 96.10 से 97 के बीच रह सकता है।

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.10 पर रहा।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 4.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 94.92 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि लाल सागर और होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आपूर्ति की चिंताओं के कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''अमेरिका के ईरान पर हमला किए जाने और उसके जवाब में ईरान द्वारा कुवैत, बहरीन और जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद कच्चे तेल की कीमतें बढ़ीं। इसके अलावा, हूती विद्रोहियों ने बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य से सऊदी अरब का तेल ले जाने वाले जहाजों को निशाना बनाने की भी धमकी दी है।''

उन्होंने कहा, ''कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से भी रुपये पर दबाव पड़ा। हालांकि, दोनों देशों के बीच कूटनीतिक वार्ता रुपये में बड़ी गिरावट को रोक सकती है। साथ ही, केंद्रीय बैंक का संभावित हस्तक्षेप भी निचले स्तर पर रुपये को सहारा दे सकता है।''

चौधरी ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 96.25 से 96.85 के दायरे में रह सकता है।

घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 715.06 अंक टूटकर 76,755.05 अंक पर जबकि एनएसई निफ्टी 191.45 अंक की गिरावट के साथ 23,996.25 अंक पर बंद हुआ।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने बुधवार को 819.20 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# इटर्नल का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ लगभग चार गुना होकर 92 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, (भाषा)।

***जोमैटो और ब्लिंकिट का संचालन करने वाली कंपनी इटर्नल लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग चार गुना होकर 92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 25 करोड़ रुपये था।***

कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 20,211 करोड़ रुपये हो गई जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 7,167 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 20,314 करोड़ रुपये रहा जबकि एक वर्ष पहले की समान अवधि में यह 7,433 करोड़ रुपये था।

कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) अक्षांत गोयल ने कहा कि खाद्य आपूर्ति मंच जोमैटो के शुद्ध ऑर्डर मूल्य (एनओवी) में लगातार चौथी तिमाही में तेजी दर्ज की गई और यह सालाना आधार पर 20 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 10,769 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

उन्होंने कहा कि त्वरित वाणिज्य (क्विक कॉमर्स) मंच ब्लिंकिट का एनओवी 86 प्रतिशत बढ़कर 17,132 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, रेस्तरां व फिल्म की टिकट की बुकिंग से जुड़े मंच 'डिस्ट्रिक्ट' का एनओवी 60 प्रतिशत बढ़कर 3,218 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

ब्लिंकिट के एनओवी में वृद्धि पर इटर्नल समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अलबिंदर सिंह ढींडसा ने कहा, ''यह मुख्य रूप से मौसमी कारकों के अनुरूप रहा और एनओवी वृद्धि हमारी अपेक्षाओं के मुताबिक थी। हम दीर्घकालिक वृद्धि के तीन प्रमुख स्तंभों उत्पाद श्रृंखला के विस्तार, भौगोलिक विस्तार और मांग को सघन बनाने- पर अपना ध्यान केंद्रित किए हुए हैं।''

ईंधन और कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के असर पर उन्होंने कहा कि फिलहाल कंपनी को इसका कोई स्पष्ट प्रभाव नहीं दिख रहा है।

उन्होंने कहा, ''कुछ चुनिंदा कच्चे माल की लागत पर मुद्रास्फीतिक दबाव दिखना शुरू हुआ है लेकिन अब तक इसका उत्पादन या ब्रांड की आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है।''

जोमैटो को नए मंच 'टॉइंग' और 'ओनली' से मिल रही प्रतिस्पर्धा पर इटर्नल के संस्थापक दीपिंदर गोयल ने कहा, ''इसका असर सीमित रहा है।

ये मंच उन्हीं रेस्तरां की सेवाएं दे रहे हैं, आपूर्ति का समय समान या अधिक है और कम कमीशन व 'डिलिवरी' शुल्क के आधार पर मेन्यू कीमतें कम रखी गई हैं। इससे राजस्व का अंतर और अधिक अस्थिर हो जाता है। इससे कोई नया उपयोग या मांग पैदा नहीं हो रही है।''

उन्होंने कहा कि इन मंचों की ओर ग्राहकों का आकर्षण पूरी तरह कीमत पर आधारित है और केवल कीमत पर आधारित मांग, टिकाऊ कारोबारी अर्थशास्त्र न होने पर लंबे समय तक नहीं टिकती।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# नगर के जर्जर मार्ग और गड्ढे दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण, नगर परिषद पूरे गर्मी भर सोई रही..




जगप्रेरणा लांजी।

*पहली नजर में यह दृश्य किसी नगर की सड़क का नहीं, बल्कि किसी उल्कापिंडों से छलनी हो चुके ग्रह की सतह का आभास कराता है। फर्क सिर्फ इतना है कि यहां वैज्ञानिक नहीं,*

बल्कि रोजाना अपनी जान जोखिम में डालकर गुजरने वाले हजारों राहगीर मौजूद हैं। नगर के सबसे व्यस्त लांजी-भिलाई मुख्य मार्ग पर फूड कैपिटल रेस्टोरेंट के समीप सड़क गड्ढों में इस कदर तब्दील हो चुकी है कि यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि सड़क पर गड्ढे हैं या गड्ढों के बीच कहीं सड़क बची है। बारिश के बाद इन गहरे गड्ढों में भरा पानी खतरे को कई गुना बढ़ा देता है। बाहर से आने वाले वाहन चालकों को गड्ढों की गहराई का अंदाजा तक नहीं लग पाता और पलभर की चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। नगरवासियों के लिए यह बदहाली अब मजबूरी बन चुकी है, लेकिन पहली बार गुजरने वालों के लिए यह रास्ता किसी परीक्षा से कम नहीं।

### सुबह से देर रात तक रहती है वाहनों की आवाजाही..

सबसे गंभीर बात यह है कि यह कोई सुनसान मार्ग नहीं, बल्कि ऐसा महत्वपूर्ण तिराहा है जहां से एक मार्ग राज्य मार्ग को जोड़ता है तो दूसरा सीधे नगर के भीतर प्रवेश करता है। आस-पास निजी लॉन, रेस्टोरेंट सहित अनेक व्यवसायिक प्रतिष्ठान होने के कारण यहां सुबह से देर रात तक वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। विडंबना यह है कि यह सड़क नगर परिषद के अधीन है और इसी मार्ग से नगर परिषद के अधिकारी एवं इंजीनियर प्रतिदिन कार्यालय आते-जाते हैं।

सवाल यह है कि क्या उन्हें यह बदहाल सड़क दिखाई नहीं देती? क्या उनकी जिम्मेदारी केवल कार्यालय की चारदीवारी और फाइलों तक सीमित है? विकास कार्यों की निगरानी और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी तो उनकी नैतिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी का हिस्सा है।

### हर गुजरते दिन में हादसे की आशंका...

इस मार्ग की दुर्दशा को लेकर पूर्व में भी कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से नगर परिषद का ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है, लेकिन हालात जस के तस हैं। न गड्ढे भरे गए और न ही सड़क की मरम्मत की दिशा में कोई ठोस पहल की गई।

ऐसे में हर गुजरता दिन इस मार्ग पर किसी बड़े हादसे की आशंका को और गहरा कर रहा है। इसके बाद भी अगर जिम्मेदारों ने इस व्यस्ततम मार्ग की सुध नहीं ली तो बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं व्यापारियों का कहना है की बारिश के कारण सड़क में उभरे इन गड्ढों में भरा गंदा पानी पैदल चलने वाले लोगों के लिये भी बड़ी मुसीबत साबित हो रहा है तेज गति के वाहन जब इन गड्ढों से गुजरते है तो सड़क किनारे चलने वाले राहगीरों पर इन गड्ढों का पानी उछल जाता है जिससे उनके कपड़े तो खराब होते ही है वह भी दुर्घटना का शिकार होते होते बच रहे हैं।

### बोले इंजीनियर अमित नगपुरे..

उक्त मार्ग पर उभरे गड्ढों के संबंध में मुझे पूर्व से ही जानकारी है और शिकायते भी लगातार मिल रही है, मेरे द्वारा दो से तीन दिनों के भीतर लांजी-भिलाई मार्ग में उभरे गड्ढों की मरम्मत करा दी जाएगी।

# ग्राम रक्षक कोटवार संघ सेवा बहाली व अन्य मांगो को लेकर करेगा चरणबद्ध आंदोलन..

### कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन..




जगप्रेरणा लांजी।

*गांव का सबसे छोटा कर्मचारी, लेकिन जिम्मेदारियों का सबसे बड़ा बोझज यही कोटवार की पहचान है। सीमित मानदेय में दिन-रात प्रशासन की हर सूचना और व्यवस्था का*

आधार बनने वाले इन कर्मचारियों का कहना है कि जब शासन ने स्वयं सेवा अवधि बढ़ाई थी, तो अब बीच रास्ते में सेवा समाप्त करना उनके साथ न्याय नहीं, बल्कि मानसिक और आर्थिक आघात है। यही कारण है कि वर्षों तक शासन का आदेश निभाने वाले कोटवार अब अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर हो रहे हैं। गांव-गांव में शासन और प्रशासन की आंख, कान और पहली कड़ी माने जाने वाले कोटवार आज खुद अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं। जिन कंधों पर वर्षों तक राजस्व, पुलिस, चुनाव, आपदा, सरकारी योजनाओं की सूचना से लेकर हर प्रशासनिक जिम्मेदारी का बोझ रहा, आज उन्हीं को एक आदेश से सेवा से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। मामूली मानदेय में दिन-रात शासन की सेवा करने वाले कोटवारों के साथ हुए इस फैसले ने लांजी में बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। अब तहसीलदार के आदेश के खिलाफ कोटवार संघ खुलकर मैदान में उतर आया है। बुधवार 22 जुलाई को मध्यप्रदेश ग्राम रक्षक कोटवार चौकीदार संघ, तहसील शाखा लांजी के बैनर तले बड़ी संख्या में कोटवारों ने कलेक्टर बालाघाट के नाम अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी को ज्ञापन सौंपते हुए सेवा से पृथक किए गए कोटवारों को तत्काल बहाल करने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि लांजी तहसील के लगभग 15 कोटवारों को 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने का हवाला देते हुए तहसीलदार द्वारा सेवानिवृत्त कर दिया गया है। जबकि वर्ष 2023 में शासन द्वारा इन कोटवारों की सेवा अवधि में पांच वर्ष की वृद्धि करते हुए उनका एम्प्लॉय कोड भी जारी किया गया था। कोटवार संघ का कहना है कि जब शासन ने स्वयं सेवा अवधि बढ़ाई और एम्प्लॉय कोड जारी किया, तो फिर मात्र तीन वर्ष बाद ही उन्हें सेवानिवृत्त करना किस नियम और किस आधार पर उचित माना जा रहा है? संघ का आरोप है कि यह निर्णय न केवल विरोधाभासी है बल्कि कोटवारों के साथ अन्याय भी है।

संघ ने यह भी दावा किया कि मध्यप्रदेश के अन्य जिलों और तहसीलों में जिन कोटवारों की सेवा अवधि बढ़ाई गई है, उन्हें इस प्रकार समय से पहले सेवा से पृथक नहीं किया गया। ऐसे में लांजी में लिया गया यह निर्णय कई सवाल खड़े कर रहा है। कोटवारों ने ज्ञापन में मांग की है कि तहसीलदार द्वारा जारी सेवानिवृत्ति आदेश को तत्काल निरस्त कर सभी प्रभावित कोटवारों को बढ़ाई गई सेवा अवधि तक पुनः कार्य पर रखा जाए। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो व्यापक और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र भालाधरे, उपाध्यक्ष संतोष मेश्राम, सविता रामटेके सहित बड़ी संख्या में कोटवार एवं संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नागझिरी से राजमार्ग बाजार चौक तक डामरीकृत सड़क स्वीकृत..

### विधायक करहिे के प्रयास से मिले 1 करोड़ 29 लाख रुपए




जगप्रेरणा लांजी।

*क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करहिे के लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप नागझिरी बालाघाट रोड से राजमार्ग तक डामरीकृत पक्की सड़क बनने के लिए पूरक बजट 2026-27 में 1 करोड़ 29 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।*

इस मार्ग के निर्माण होने से दखनीटोला आवास, साप्ताहिक बाजार एवं बिसोनी जाने वाले लोगों के लिए आवागमन में सुविधा होगी और बरसात के दिनों में कीचड़ व गड्ढों से जनजीवन प्रभावित नहीं होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वीकृत राशि का उपयोग लांजी – गोंदिया राजमार्ग (बाज़ार रोड) से बालाघाट रोड नागझिरी तक तथा बालाघाट रोड से लगभग 200 मीटर आगे स्थित समशान घाट तक डामरीकरण मार्ग निर्माण के लिए किया जाएगा। यह मार्ग खासकर दखनीटोला आवास और बाजार जाने वाले ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। पिछले वर्ष बरसात में आवासटोला के निवासियों ने इसी मार्ग की बदहाली के विरोध में आंदोलन भी किया था।

बिसोनी के सरपंच प्रतिनिधि व पंचायत सदस्य विजय वारे ने बताया कि स्थानीय जनता लंबे समय से बिसोनी गुजरी चौक मार्ग को तालाब के नीचे से लांजी-गोंदिया राजमार्ग से जोड़ने की भी मांग कर रही है। विधायक राजकुमार करहिे ने इस मांग पर तेजी से स्टीमेट तैयार कराने के निर्देश दिए हैं और शीघ्र ही इसे भी स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया है।

स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलवाने में विधायक की भूमिका की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि सड़क बन जाने से न केवल रोजमर्रा की आवागमन की समस्या हल होगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों और कृषि वाहनों के परिवहन में भी आसानी आएगी।

# सड़क पर बने गड्ढे और मार्ग पर लगने वाली दुकानें दे रही दुर्घटनाओं को आमंत्रण

### समस्याओं को लेकर नपा ने आंखे मूंदी..

### व्यस्तम मार्ग पर लग रही दुकानें दुर्घटना का रहता है भय..




जगप्रेरणा लांजी।

कहते हैं किसी शहर की पहचान उसके मुख्य चौराहे से होती है, लेकिन धर्मनगरी लांजी का सबसे व्यस्ततम सुभाष चौक आज विकास का नहीं, बल्कि नगर परिषद की नाकामी, प्रशासनिक लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता का जीवित दस्तावेज बन चुका है। यह ऐसा चौक है जहां हर दिन सैकड़ों लोग जाम में फंसते हैं, नालियों की सड़ांध में सांस लेते हैं और अतिक्रमण के बीच अपनी जान जोखिम में डालकर गुजरते हैं। हैरानी की बात यह है कि यही रास्ता नगर परिषद के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की नजरों से भी रोज गुजरता है, लेकिन शायद उन्हें यह सब दिखाई नहीं देता।

नगर परिषद लांजी विकास के बड़े-बड़े दावे जरूर करती है, लेकिन हकीकत यह है कि बारिश का पानी सड़कों पर बहता है, नालियां गंदगी से पटती हैं, सड़कें अतिक्रमण में सिमटती जा रही हैं और यातायात भगवान भरोसे चल रहा है। सवाल यह है कि जब नगर के सबसे महत्वपूर्ण चौराहे की यह हालत है, तो बाकी वार्डों का क्या हाल होगा?

### सड़क नहीं, दुकानें ही दुकानें..

सुभाष चौक में सड़क अब सड़क कम और अस्थायी बाजार ज्यादा नजर आती है। दोनों ओर फैली दुकानें, सड़क तक पहुंच चुका अतिक्रमण और बीच रास्ते खड़े वाहन हर घंटे जाम को न्योता देते हैं। रविवार बाजार के दिन तो हालात ऐसे हो जाते हैं कि पैदल निकलना भी किसी परीक्षा से कम नहीं रहता। पुराने थाना परिसर के दोनों ओर के रास्ते भी धीरे-धीरे अतिक्रमण की गिरफ्त में समा चुके हैं। यदि आमने-सामने दो चारपहिया वाहन आ जाएं तो लंबा जाम लगना तय है। ऐसे में एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं का गुजरना कितना मुश्किल होगा, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षद चुनाव के समय हर गली-मोहल्ले में नजर आते हैं। लेकिन नगर की सबसे बड़ी समस्या बन चुके सुभाष चौक के अतिक्रमण, गंदगी और जाम पर उनकी चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। जनता पूछ रही है कि क्या जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल फीता काटना और मंच साझा करना रह गया है?

### सीएमओ और इंजीनियर साहब, कभी पैदल भी निकलिए..

नगर परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और इंजीनियर यदि एक दिन बिना सरकारी वाहन के पैदल सुभाष चौक का निरीक्षण करें, तो उन्हें समझ आएगा कि नागरिक रोज किन परिस्थितियों में जी रहे हैं। कार्यालय की फाइलों में शहर व्यवस्थित दिखाई दे सकता है, लेकिन जमीन पर हालात बिल्कुल अलग कहानी बयां कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत करो तो हर बार एक ही जवाब मिलता है - संज्ञान में है, देखते हैं, नोटिस भेजेंगे, जल्द कार्रवाई होगी, लेकिन यह जल्द आखिर किस कैलेंडर में आता है। इसका जवाब आज तक किसी अधिकारी ने नहीं दिया।

# मोहगांव खुर्द में गैस एजेंसी में अनियमितता पर बड़ी कार्रवाई..

### एजेंसी के संचालक गुलाबचंद पारधी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज




जगप्रेरणा बालाघाट।

*कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशों के पालन में जिले में गैस एजेंसियों की जांच अभियान के तहत सोमवार 21 जुलाई 2026 को विकासखंड किरनापुर के ग्राम मोहगांव खुर्द स्थित इंडेन ग्रामीण गैस वितरक एजेंसी पर जांच की गई।*

जांच में गैस सिलेंडरों के स्टॉक में भारी गड़बड़ी और अन्य अनियमितताएं मिलने पर एजेंसी संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री एस.के. भलावी के निर्देशन में गठित जांच दल में सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री पी.एस. वलाडी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री आकाश श्रीवास्तव तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी किरनापुर शामिल रहे।

जांच के दौरान 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडरों के स्टॉक में गंभीर अंतर पाया गया। 68 खाली सिलेंडर अधिक तथा 55 भरे सिलेंडर कम मिले। इसी प्रकार 5 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडरों में 29 खाली एवं 34 भरे सिलेंडर कम पाए गए। 19 किलोग्राम के व्यावसायिक सिलेंडरों में 30 खाली सिलेंडर कम तथा 23 भरे सिलेंडर अधिक मिले। इसके अलावा 5 किलोग्राम के एफ्टीएल गैस सिलेंडर पांच कम तथा 10 किलोग्राम एक्स्ट्रालाइट के दो खाली सिलेंडर अधिक पाए गए।

जांच के दौरान यह भी पाया गया कि एजेंसी संचालक द्वारा राइस मिल परिसर से लगी दुकान के एक कक्ष में गोदाम के अतिरिक्त अनधिकृत स्थान पर 14.2 किलोग्राम के 83 भरे एवं 19 खाली घरेलू गैस सिलेंडर तथा 5 किलोग्राम के पांच खाली सिलेंडरों का भंडारण किया गया था।

जांच दल ने प्रथम दृष्टया गैस वितरण एवं प्रदाय में अनियमितता, स्टॉक का नियमित संधारण नहीं किए जाने तथा अन्य अनियमितताओं को द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 का उल्लंघन माना।

साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय अपराध पाए जाने पर मौके पर पंचनामा, जब्ती एवं सुपुर्दगी की कार्रवाई की गई।

इस संबंध में इंडेन गैस एजेंसी के प्रोपराइटर श्री गुलाबचंद पारधी तथा मौके पर उपस्थित उनके भाई सालिगराम पारधी के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई।

# स्वैच्छिकता पर्व के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश..

### जन अभियान परिषद ने ग्रामीणों को स्वैच्छिक कार्य एवं जनसेवा का दिलाया संकल्प..




जगप्रेरणा लांजी।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, योजना एवं आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के तत्वावधान में विकासखंड लांजी के ग्राम बापड़ी के ग्वाराटोला में स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत पौधरोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक सहभागिता का संदेश देते हुए ग्रामीणों को स्वैच्छिक कार्य करने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला समन्वयक श्री महेश पटले ने कहा कि 4 जुलाई से 12 अगस्त 2026 तक मनाए जा रहे स्वैच्छिकता पर्व का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण, वर्षा ऋतु में गांवों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति अभियान तथा समाजहित में कार्य करने वाले स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं के सम्मान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

विकासखंड समन्वयक श्री संतोष नगपुरे ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि समितियों को समाज के विकास और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने समितियों के सशक्तिकरण एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में अधिकाधिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में बाघ नदी मार्ग स्थित संरक्षित स्थल पर पांच पौधों का पौधरोपण किया गया। इसके पश्चात उपस्थित ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नशामुक्ति तथा समाजहित में स्वैच्छिक कार्य करने की शपथ ली।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था के अध्यक्ष श्री डोमेश्वर सोनवाने, प्रस्फुटन समिति के सचिव श्री उपदेश रतोने, श्रीमती सपना नेवारे, श्री राकेश रतोने सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने पौधों के संरक्षण एवं समाज के विकास के लिए सक्रिय सहभागिता का संकल्प भी लिया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# लेह - लद्दाख यात्रा: जहां हर मोड़ पर रोमांच और हर नज़ारे में जन्नत

**बालाघाट : हितेश अजीत के कलम व यात्रा अनुभव से**

**खतरनाक पहाड़ी रास्ते, बेमौसम बर्फबारी, पेंगोंग झील की अद्भुत सुंदरता और भारतीय सेना के अदम्य साहस के बीच जीवनभर याद रहने वाला सफर**






जगप्रेरणा रजेगांव।

***मन में वर्षों से लेह-लद्दाख जाने की इच्छा थी। सोशल मीडिया पर रील्स, समाचार चैनलों की रिपोर्ट और अखबारों में छपी तस्वीरें देखकर उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही थी। आसमान को छूते बर्फसे ढके पहाड़, पलभर में***

बदलता मौसम, भूस्खलन का खतरा, दुनिया की सबसे कठिन सड़कों पर सफर और हर कदम पर भारतीय सेना की मौजूदगी—इन सबने मन में इस धरती को अपनी आँखों से देखने की ललक पैदा कर दी।

आखिर वह दिन भी आ गया, जब मैं अपने दोस्तों ओमप्रकाश मरठ़े, डाक्टर देवलाल जामरे व अन्य साथियों के साथ मध्यप्रदेश के बालाघाट से कार द्वारा लेह-लद्दाख की यात्रा पर निकल पड़ा। पंजाब तक का सफर सामान्य रहा, लेकिन उसके बाद असली चुनौती शुरू हुई। घुमावदार पहाड़ी रास्ते, एक ओर हजारों फीट गहरी खाइयाँ और दूसरी ओर आसमान को छूते पर्वत। हर मोड़ पर सावधानी जरूरी थी और हर कुछ किलोमीटर पर भारतीय सेना की मौजूदगी यह एहसास कराती थी कि हम देश के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं।

जम्मू पहुँचने के बाद पता चला कि सुरक्षा कारणों से शाम के बाद श्रीनगर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी जाती है। हमें भी रोक दिया गया। रात वहीं बितानी पड़ी। अगली सुबह चार बजे ही हम निर्धारित स्थान पर पहुँच गए और सुबह छह बजे पुलिस की अनुमति मिलने के बाद श्रीनगर की ओर रवाना हुए।

श्रीनगर से आगे बढ़ते हुए जैसे ही सोनमर्ग पहुँचे, ऐसा लगा मानो धरती पर जन्नत उतर आई हो। चारों ओर हरे-भरे मैदान, बर्फसे ढके पहाड़, बहती नदियाँ और ठंडी हवाएँ मन को सुकून दे रही थीं। जुलाई की गर्मी में भी यहाँ की ठंडक शरीर और मन दोनों को तरोताजा कर रही थी। शाम ढलते ही तापमान तेजी से गिरने लगा और हमें गर्म कपड़े पहनने पड़े। मन तो करता था कि कई दिन यहीं रुक जाएँ, लेकिन मंजिल अभी दूर थी। पता चला कि यहीं सलमान खान की फिल्म 'बजरंगी भाईजान' सहित कई फिल्मों की शूटिंग हुई है। समय की कमी के कारण इस प्राकृतिक सौंदर्य को पूरी तरह निहार नहीं सके और अगले दिन सुबह द्रास कारगिल होते हुए लेह की ओर निकल पड़े।

यात्रा से पहले हमें बताया गया था कि अधिक ऊँचाई पर ऑक्सीजन की कमी के कारण सांस लेने में परेशानी हो सकती है। इसलिए हमने श्रीनगर से ऑक्सीजन सिलेंडर, कपूर, बुखार, सिरदर्द, उल्टी और दस्त की दवाइयाँ एहतियात के तौर पर साथ रख लीं। यह तैयारी पूरी यात्रा में बेहद उपयोगी साबित हुई। कई स्थानों पर ऑक्सीजन की आवश्यकता महसूस हुई और दवाइयों ने भी यात्रा को सुरक्षित और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

लेह पहुँचने के बाद हमने पहले दिन अधिक घूमने के बजाय आराम किया। अनुभव था कि इतनी अधिक ऊँचाई पर पहुँचने के बाद शरीर को वातावरण के अनुसार ढलने का समय देना चाहिए। इससे शरीर को ऑक्सीजन की कमी के अनुरूप खुद को अनुकूल बनाने में मदद मिलती है और आगे की यात्रा अपेक्षाकृत सुरक्षित रहती है।

लेह पहुँचकर महसूस हुआ कि यहाँ की यात्रा केवल प्राकृतिक सुंदरता देखने की नहीं, बल्कि पूरी तैयारी के साथ निकलने की भी है। श्रीनगर-कारगिल-लेह, लेह-पेंगोंग और लेह-मनाली मार्ग पर कई स्थानों पर लगभग 200 किलोमीटर तक पेट्रोल पंप नहीं मिलते। इसलिए वाहन का फ्यूल टैंक पहले से ही भर लेना जरूरी होता है। होटल, बाजार और दुकानें भी कई-कई किलोमीटर दूर स्थित हैं। यदि दुकानों के भरोसे रहें तो कई बार पीने का पानी तक नहीं मिल सकता। इसलिए हमने पहले से ही पर्याप्त पानी की बोतलें, सूखा नाश्ता और जरूरी सामान अपने साथ रखा।

लेह से विश्व प्रसिद्ध पेंगोंग झील की यात्रा शुरू हुई। लगभग 160 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर कारू, सक्ती और लगभग 17,586 फीट ऊँचे चांग ला दर्रे से गुजरना अपने आप में रोमांचकारी अनुभव था। अचानक मौसम ने करवट ली और जुलाई के महीने में ही बर्फबारी शुरू हो गई। कुछ देर पहले तक धूप थी और अगले ही पल आसमान से बारीक रूई जैसी सफेद बर्फगिरने लगी। हमने तुरंत जैकेट, स्वेटर और अन्य गर्म कपड़े पहन लिए। हिमालय का मौसम कितना अप्रत्याशित होता है, इसका वास्तविक अनुभव वहीं मिला।

आगे बढ़ते हुए कहीं हजारों फीट गहरी खाइयाँ थीं, तो कहीं बर्फ पिघलने का तेज बहाव सड़क को पार कर रहा था। कई स्थानों पर सड़क पर कीचड़, गहरे गड्ढे और बेहद संकरे मोड़ थे, जहाँ दो बड़े वाहनों का निकलना भी चुनौती से कम नहीं था। ऐसे रास्तों पर वाहन चलाना किसी परीक्षा से कम नहीं लगता।

लेकिन इन कठिन परिस्थितियों में भी सीमा सड़क संगठन और भारतीय सेना ने शानदार सड़कें बनाकर असंभव को संभव कर दिखाया है। रास्ते भर याक, हिमालयी पक्षी, लेह-मनाली मार्ग पर हिमालयी जंगली गधे , खच्चर, बर्फीले झरने और बदलते मौसम के दृश्य किसी फिल्म के दृश्य जैसे प्रतीत होते रहे।

जब पहली बार पेंगोंग झील दिखाई दी, तो लगा जैसे प्रकृति ने अपने सबसे सुंदर रंग यहीं बिखेर दिए हों। लगभग 14,270 फीट की ऊँचाई पर स्थित यह झील सूरज की रोशनी के साथ अपना रंग बदलती रहती है। नीले, फिरोजी और हरे रंगों की छटा देखते ही बनती है। यहीं आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' का प्रसिद्ध अंतिम दृश्य फिल्माया गया था। इसके अलावा 'लक्ष्य', 'जब तक है जान' सहित अनेक फिल्मों की शूटिंग भी लद्दाख में हुई है।

यात्रा का सबसे भयावह अनुभव ज़ोजिला दर्रे पर हुआ। एक खड़ी चढ़ाई पर हमारी गाड़ी अचानक रुक गई। चालक घबरा गया और सीट से उतर गया। मैंने हिम्मत करके गाड़ी संभाली, लेकिन जैसे ही पहला गियर लगाया, गाड़ी आगे बढ़ने के बजाय पीछे खिसकने लगी। उस पल ऐसा लगा मानो यमराज सामने खड़े हों।

शरीर कांप उठा। तभी मेरे एक साथी ने तुरंत हेडब्रेक उठाकर गाड़ी को पीछे जाने से रोका। फिर सावधानी से दोबारा गाड़ी आगे बढ़ाई और हम सुरक्षित निकल सके। वह पल आज भी याद आते ही रोंगटे खड़े कर देता है।

सोनमर्ग से लेकर लेह और फिर लेह से मनाली तक के सफर में मेरे कई साथियों को ऑक्सीजन की कमी के कारण सांस फूलने की परेशानी हुई। लेकिन मुझे ऐसी कोई दिक्कत महसूस नहीं हुई। शायद इसका कारण वर्षों से नियमित रूप से किया जा रहा योग रहा होगा, जिसने इस कठिन यात्रा में भी शरीर को संतुलित बनाए रखा।

इस पूरी यात्रा के दौरान एक बात सबसे अधिक प्रभावित करती रही—भारतीय सेना। चीन सीमा के निकट पूरे मार्ग में सेना के कैंप दिखाई देते हैं। माइनस तापमान, बर्फ, तेज हवाओं और विषम परिस्थितियों में भी जवान दिन-रात देश की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। यात्रा के दौरान हमने स्वयं देखा कि बर्फ और तेज बहाव के कारण सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। कुछ ही समय में सेना और संबंधित विभाग सीमेंट ब्लॉक तथा मशीनों के साथ पहुँचे और मार्ग को दोबारा चालू कर दिया। यह देखकर गर्व हुआ कि जिन सड़कों पर हम सुरक्षित यात्रा करते हैं, उनके पीछे सैनिकों और सीमा सड़क संगठन के कर्मचारियों का अथक परिश्रम छिपा होता है।

यात्रा का सबसे भावुक पड़ाव ज़ोजिला दर्रा भी रहा। यहीं भारतीय सेना की पोस्ट पर स्थित 'कैप्टन बाबा' का श्रद्धास्थल सैनिकों की आस्था का केंद्र है। ड्यूटी पर जाने से पहले जवान यहाँ सैल्यूट करते हैं, श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ते हैं। श्रद्धास्थल पर आने वाले यात्रियों को सेना के जवान प्रसाद भी वितरित करते हैं। यह दृश्य देखकर मन गर्व और सम्मान से भर उठा।

इस यात्रा ने भारतीय सेना के प्रति मेरा सम्मान कई गुना बढ़ा दिया। जहाँ पर्यटक कुछ दिन घूमकर लौट आते हैं, वहीं हमारे सैनिक माइनस 30 डिग्री तक के तापमान, बर्फीले तूफानों, तेज हवाओं और दुर्गम पहाड़ों के बीच महीनों तक डटे रहते हैं। उनकी बदौलत ही हम देश की सीमाओं तक निश्चिंत होकर पहुँच पाते हैं। सच कहूँ तो लेह-लद्दाख की सबसे बड़ी ताकत वहाँ के पहाड़ नहीं, बल्कि उन पहाड़ों पर तिरंगे की रक्षा में खड़े हमारे जवान हैं। आज भी हजारों तस्वीरें और वीडियो देखने के बाद लगता है कि लद्दाख की असली सुंदरता कैमरे में नहीं, बल्कि वहाँ बिताए गए हर पल में बसती है। यह यात्रा केवल पर्यटन नहीं थी, बल्कि देश, प्रकृति और सैनिकों के प्रति सम्मान को और गहरा करने वाला जीवन का ऐसा अनुभव थी, जिसे शब्दों में पूरी तरह व्यक्त करना संभव नहीं।

यदि जीवन में कभी अवसर मिले, तो हर भारतीय को एक बार लेह-लद्दाख अवश्य जाना चाहिए। वहाँ पहुँचकर केवल बर्फ से ढके पहाड़ नहीं दिखते, बल्कि साहस, धैर्य, प्रकृति का विराट रूप और भारतीय सेना का अदम्य समर्पण भी महसूस होता है। लेह-लद्दाख से लौटकर केवल कैमरा तस्वीरों से नहीं भरता, बल्कि दिल देशभक्ति, प्रकृति के प्रति सम्मान और तिरंगे के गौरव से भी भर जाता है।

# पत्रकार से अभद्रता के आरोप पर पत्रकार संघ ने थाना परसवाड़ा में सौंपा ज्ञापन..

**निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग, पत्रकारों में रोष**



जगप्रेरणा बालाघाट।

***वर्किंग जर्नलिस्ट ऑर्गेनाइजेशन पत्रकार संघ तहसील इकाई परसवाड़ा ने पत्रकार साथी के साथ कथित अभद्र व्यवहार किए जाने के मामले में थाना प्रभारी परसवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं***

आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पत्रकार संघ द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, संगठन के तहसील संरक्षक एवं ग्राम बघोली निवासी पत्रकार अशोक गिरी गोस्वामी ने एक समाचार के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से 17 जुलाई 2026 को जिला चिकित्सालय बालाघाट में पदस्थ डॉ. शुभम लिल्हारे से दूरभाष पर संपर्क किया था। बताया गया है कि बातचीत के दौरान फोन डॉ. अशोक लिल्हारे को सौंप दिया गया। आरोप है कि समाचार से जुड़े विषय पर जानकारी लेने के दौरान डॉ. अशोक लिल्हारे ने सवालों का जवाब देने के बजाय उत्तेजित होकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और अमर्यादित व्यवहार किया।

पत्रकार संघ ने इसे पत्रकारिता के सम्मान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के विरुद्ध बताते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। संगठन का कहना है कि इस घटना से न केवल संबंधित पत्रकार, बल्कि क्षेत्र के समस्त पत्रकारों की गरिमा और आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है।

संघ ने थाना प्रभारी से मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। संगठन ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और पत्रकारों की गरिमा की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान वर्किंग जर्नलिस्ट ऑर्गेनाइजेशन पत्रकार संघ तहसील इकाई परसवाड़ा के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। पत्रकारों ने चेतावनी दी कि यदि मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आगे की रणनीति तय करेगा।

# पिपरझरी - बम्हनी मार्ग बना तालाब, तीन किलोमीटर सड़क पर चलना दूभर; जनप्रतिनिधियों ने दी चक्काजाम और आंदोलन की चेतावनी

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बारिश शुरू होते ही पिपरझरी से बम्हनी तक लगभग तीन किलोमीटर लंबा सड़क मार्ग पूरी तरह जर्जर हो गया है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से यह मार्ग डबरों और छोटे-छोटे तालाबों में तब्दील हो गया है।***



हालात इतने खराब हैं कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, जबकि दोपहिया और चारपहिया वाहन हर समय दुर्घटना के खतरे के बीच गुजर रहे हैं।

इस मार्ग से पिपरझरी, बम्हनी सहित आसपास के गांवों के बच्चे प्राथमिक शिक्षा के बाद आगे की पढ़ाई के लिए प्रतिदिन सालेटेका आते-जाते हैं। इसके अलावा हजारों ग्रामीण रोजमर्रा के कार्यों तथा जिला मुख्यालय आने-जाने के लिए इसी सड़क का उपयोग करते हैं। लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहन चालक ने बताया कि सड़क पर इतने गहरे गड्ढे हैं कि हर दिन वैन पलटने का डर बना रहता है। बरसात में गड्ढे पानी से भर जाने के कारण उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती है।

ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे निर्माण के दौरान भारी-भरकम डंपरों की लगातार आवाजाही से इस सड़क की हालत पूरी तरह खराब हो गई। इसके बाद भी संबंधित विभाग द्वारा आज तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे हर वर्ष बरसात में समस्या और गंभीर हो जाती है।

जिला पंचायत सदस्य डाली कावरे ने सड़क की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि संबंधित विभाग शीघ्र सड़क की मरम्मत नहीं कराता है तो मुख्य सड़क मार्ग पर चक्काजाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

वहीं जनपद सदस्य लतीता जय लिल्हारे, रेखलाल बिसेन और असीम चौहान ने भी सड़क का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्या को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि यदि जल्द सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ तो जनप्रतिनिधियों के समूह के साथ हजारों ग्रामीण सड़क निर्माण और मरम्मत की मांग को लेकर आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

## शपथ पत्र

शपथकर्ता:- पल्लवी बिसेन आयु 31 वर्ष पिता श्री डिलन सिंह बिसेन जाति पंवार, निवासी वार्ड नं. 05 राम मंदिर के पीछे भरवेली तहसील व जिला बालाघाट (म.प्र.) मै शपथकर्ता निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करती हूँ:- यह कि मै उपरोक्त वर्णित स्थान की निवासी हूँ। यह कि मेरे ड्रायवगिंग लायसेंस में मेरा नाम **PALLAVI BISEN D/o D.S. BISEN** दर्ज है। यह कि मेरे अन्य दस्तावेज जैसे-आधार कार्ड, पेन कार्ड, शैक्षणिक दस्तावेज तथा अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम **PALLAVI BISEN D/o DILAN SINGH BISEN** (पल्लवी बिसेन पिता श्री डिलन सिंह बिसेन) दर्ज है। जो कि मेरे ड्रायविंग लायसेंस नं. **MP 50 20120004925** में मेरा नाम **PALLAVI BISEN D/o D.S. BISEN** दर्ज है जिसे सुधार कराने हेतु मेरे द्वार संबंधित दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किया रहा है। यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर मेरे ड्रायविंग लायसेंस में मेरा वास्तविक नाम **PALLAVI BISEN D/o DILAN SINGH BISEN** (पल्लवी बिसेन पिता श्री डिलन सिंह बिसेन) दर्ज किया जाना उचित होगा।

सत्यापन - मै शपथकर्ता के द्वारा शपथ पत्र की कंडिका 1 से 4 तक में दी गईउपरोक्त जानकारी सत्य व सही है जिसे मैने पढ़कर समझकर अपने हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# भोपाल में ओबीसी महासभा का विधानसभा घेराव, 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग तेज..







जगप्रेरणा बालाघाट।

***ओबीसी महासभा के नेतृत्व में राजधानी भोपाल में पिछड़ा वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण तथा 13 प्रतिशत आरक्षण होल्ड समाप्त करने की मांग को लेकर विशाल विधानसभा घेराव आंदोलन आयोजित किया गया।***

आंदोलन में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं समाजजन शामिल हुए। आंदोलन की शुरुआत रैली के रूप में हुई, जिसका नेतृत्व ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ लोधी 'भाऊ' ने किया। रैली विधानसभा घेराव के लिए आगे बढ़ रही थी, तभी पुलिस प्रशासन ने रंगमहल चौराहे पर बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। इस दौरान पुलिस द्वारा वाटर कैनन का उपयोग किया गया तथा बड़ी संख्या में आंदोलनकारियों को हिरासत में लिया गया।

आंदोलन के दौरान पिछड़ा वर्ग के अधिकारों, 13 प्रतिशत आरक्षण होल्ड हटाने, लंबित नियुक्तियों को जारी करने एवं 27 प्रतिशत आरक्षण का पूर्ण लाभ देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बड़ी संख्या में चयनित अभ्यर्थी वर्षों से नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं और आरक्षण संबंधी विवाद के कारण हजारों युवा रोजगार से वंचित हैं।

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सौरभ लोधी 'भाऊ' ने कहा कि मध्यप्रदेश में लाखों शिक्षित युवा 13 प्रतिशत आरक्षण होल्ड के कारण नौकरी से वंचित हैं।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के आधार पर आयोजित होती हैं, लेकिन नियुक्तियां केवल 14 प्रतिशत आरक्षण के अनुसार दी जा रही हैं, जिससे योग्य अभ्यर्थियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि 13 प्रतिशत पदों पर लगाया गया होल्ड तत्काल हटाकर 27 प्रतिशत आरक्षण का पूरा लाभ दिया जाए।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू किया गया था, लेकिन बाद में इस पर रोक लग गई। अब भी हजारों योग्य अभ्यर्थी नियुक्ति से वंचित हैं और अनेक युवा ओवरएज हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय कर रही है तथा पिछले कई वर्षों से लगातार आंदोलन और ज्ञापन दिए जाने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

आंदोलन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री सचिन यादव, वारासिवनी विधायक विवेक पटेल, प्रांतीय कुशवाह महासभा के प्रदेश अध्यक्ष योगेश कुशवाह, ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य धर्मेंद्र कुशवाह, महेंद्र लोधी, डॉ. बृजेश सिंह यादव, राकेश लोधी, विपिन वर्मा, विश्वजीत रटोनीया सहित संगठन के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हजारों कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने वीडियो संदेश जारी कर आंदोलन का समर्थन किया। वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिए जाने की मांग दोहराई।

आंदोलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सरकार से पिछड़ा वर्ग से जुड़े लंबित मुद्दों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी ने ओबीसी समाज की एकजुटता का प्रदर्शन किया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मुख्यमंत्री फडणवीस के जन्मदिन के अवसर पर पुराड़ा में 'देवाभाऊ माऊली कृषि समारोह'

## एकल महिला किसानों को कृषि सामग्री का वितरण, सविता पुराम की सराहनीय पहल..







**जगप्रेरणा देवरी/आमगांव।**

***राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गोंदिया जिले के पुराड़ा में 'देवाभाऊ माऊली कृषि समारोह' बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ।***

इस कार्यक्रम के तहत खेती की जिम्मेदारी अकेले संभालने वाली 'एकल महिला किसानों' को कृषि सामग्री का वितरण किया गया। पूर्व बाल कल्याण सभापति सविता पुराम ने इस अवसर पर घोषणा की कि यह सामाजिक और राहत देने वाला उपक्रम केवल पुराड़ा तक सीमित न रखकर पूरे गोंदिया जिले में चलाया जाएगा।

फिलहाल खरीफ सीजन के खेती-किसानी के काम तेजी से चल रहे हैं। ऐसे व्यस्त समय में जरूरतमंद और एकल महिला किसानों को समय पर खेती के उपकरण और सामग्री मिल सके, इस उद्देश्य से भाजपा विधायक संजय पुराम की पत्नी एवं जिला परिषद सदस्य सविता पुराम की पहल पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सविता पुराम के हाथों ही जरूरतमंद महिलाओं को कृषि सामग्री वितरित की गई।

### बोली जि. प. सदस्य सविता पुराम

'किसान हमारा अन्नदाता है, लेकिन परिवार की जिम्मेदारी अकेले उठाते हुए खेती करने वाली एकल महिला किसान सही मायनों में 'हिरकणी' (साहसी महिला) हैं। 'देवाभाऊ माऊली कृषि समारोह' के माध्यम से उन्हें एक छोटा सा सहारा देने का हमारा प्रयास है। यह उपक्रम आने वाले समय में गोंदिया जिले के प्रत्येक तहसील (तालुका) तक पहुँचाया जाएगा।'

### महिला पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति..

इस समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराकर इस पहल की सराहना की।

कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष प्रज्ञाताई संगीडवार, पार्षद पिंकी कटकवार, नूतन कोवे, पूर्व सभापति अंबिका बंजार, सरपंच अंजू बिसेन, पंचायत समिति सदस्य ममता अंबादे, शिल्पा बांते, भाजपा महिला महामंत्री प्रभा सलामे सहित पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र की लाभार्थी महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

कृषि सामग्री मिलने से खरीफ सीजन में खेती के कामों में बड़ा संबल (मदद) मिलने की भावना लाभार्थी महिलाओं ने व्यक्त की।

# सड़क पर कीचड़ फैलाकर दुर्घटना को न्योता देने वाले ट्रैक्टर चालक पर चिचगढ़ पुलिस की कार्रवाई..

## देवलगांव फाटे के पास लापरवाही से वाहन खड़ा करने पर मामला दर्ज..

## सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने का मामला..



**जगप्रेरणा देवरी।**

***सार्वजनिक सड़क पर कीचड़ से सना हुआ ट्रैक्टर लापरवाही से खड़ा कर सड़क पर कीचड़ फैलाना और नागरिकों की जान-माल तथा यातायात के लिए खतरा पैदा करना,***

ट्रैक्टर चालक को भारी पड़ गया है। इस मामले में चिचगढ़ पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्राप्त विस्तृत जानकारी के अनुसार, 21 जुलाई को सुबह 09:30 से 10:30 बजे के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 543 पर देवरी से चिचगढ़ सार्वजनिक मार्ग पर देवलगांव फाटे से लगभग 2 किमी उत्तर दिशा में यह घटना घटी।

चिचगढ़ पुलिस स्टेशन के पुलिस कर्मचारी (चालक पो.हवा. ज्ञानीराम आसाराम राऊत, म.पो.हवा. ज्योति पंचभाई और अ. गुणवंता मरसकोल्हे) देवरी से पी.टी. परेड खत्म कर पुलिस स्टेशन चिचगढ़ लौट रहे थे। उसी दौरान उन्हें सड़क पर ट्रैक्टर के कीचड़ के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई दिखीं।

महिंद्रा कंपनी का ट्रैक्टर (क्र. **CG 08 AU 8061**), जिसके पीछे फन (किसान का उपकरण) जुड़ा हुआ था, पूरी तरह कीचड़ से सना हुआ था। चालक ने इस ट्रैक्टर को सार्वजनिक सड़क के बीचों-बीच छोड़ दिया था। ट्रैक्टर के पहियों में लगे कीचड़ के कारण पूरी सड़क पर कीचड़ फैल गया था, जिससे दोपहिया और अन्य वाहनों के फिसलकर बड़े हादसे का शिकार होने और लोगों की जान को खतरा बनने की प्रबल संभावना पैदा हो गई थी। पुलिस कर्मचारियों ने तुरंत वाहन के पास जाकर जांच की, तो ट्रैक्टर चालक गिरीश पीतांबर कलीहारी (उम्र 24 वर्ष, निवासी आलेवाड़ा) वहीं खड़ा मिला। सड़क के बीचों-बीच लापरवाही से ट्रैक्टर खड़ा करने और कीचड़ फैलाने के संबंध में जब उससे पूछताछ की गई, तो वह पुलिस को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दो गवाहों (पंचे) की मौजूदगी में घटनास्थल का नियमानुसार मौका पंचनामा किया। चालक गिरीश कलीहारी के खिलाफ चिचगढ़ पुलिस स्टेशन में अपराध क्रमांक 204/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता **(BNS)** 2023 की धारा 125, 292, 285 तथा मोटर वाहन अधिनियम की धारा 190(2), 177 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मामले की आगे की जांच चिचगढ़ पुलिस स्टेशन के पो.हवा. बालकृष्ण राऊत कर रहे हैं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि बारिश के दिनों में खेतों के कीचड़ से सने वाहन या कृषि उपकरण लापरवाही से मुख्य सड़क पर लाकर यातायात में बाधा और खतरा पैदा करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सालेकसा पुलिस की धड़ाकेबाज कार्रवाई, मोटरसाइकिल चोरी का मामला सुलझा..

## आरोपी गिरफ्तार, 70 हजार रुपये की बजाज पल्सर बरामद..

**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***सालेकसा पुलिस थाने ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले की तेज एवं वैज्ञानिक तरीके से जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई लगभग 70 हजार रुपये कीमत की ग्रे रंग की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल***

बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई से सालेकसा पुलिस की तत्परता और अपराधों का पर्दाफाश करने की कार्यक्षमता एक बार फिर साबित हुई है। सालेकसा पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 346/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के अंतर्गत दिनांक 17 जुलाई 2026 को मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज किया गया था। मामले की बारीकी से जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी की तलाश कर उसे हिरासत में लिया। इस मामले में आकाश चंदन महारवाडे (उम्र 25 वर्ष), निवासी दत्तोरा, पोस्ट आमगांव, तहसील एवं जिला गोंदिया को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी के पास से चोरी की गई ग्रे रंग की बजाज कंपनी की पल्सर मोटरसाइकिल, जिसकी अनुमानित कीमत 70 हजार रुपये है, बरामद की गई। आरोपी को दिनांक 21 जुलाई 2026 की रात 12.21 बजे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस हिरासत की मांग किए जाने के बाद माननीय न्यायालय ने आरोपी को पुलिस हिरासत में भेजने की मांग को मंजूर कर दिया। इस मामले की आगे की जांच सालेकसा पुलिस द्वारा की जा रही है।

यह उल्लेखनीय कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे तथा उपविभागीय पुलिस अधिकारी नंदिनी चणकापुरे के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक रवि नागोसे के नेतृत्व में सफलतापूर्वक की गई।

इस अभियान में पुलिस हवलदार सोंजाल, पुलिस हवलदार तुरकर, पुलिस नाईक कान्सकर, पुलिस सिपाही वेदक एवं पुलिस सिपाही बैस ने परिश्रमपूर्वक सहभागिता निभाते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने तथा चोरी का माल बरामद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सालेकसा पुलिस की इस धाकड़ कार्रवाई से चोरी के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी तथा अपराधियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई करने का पुलिस का संकल्प एक बार फिर स्पष्ट हुआ है।

# मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन पर गिरोला में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित..



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन के अवसर पर आज 22 जुलाई 2026 को रानमेवा पार्क, गिरोला में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

इस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत गिरोला की सरपंच श्रीमती रविता विश्वनाथ मेंढे के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में सालेकसा पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक रवीजी नागोसे, सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, ग्राम के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर उनके संरक्षण और देखभाल की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर सरपंच श्रीमती रविता विश्वनाथ मेंढे ने कहा, 'वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली की अमूल्य धरोहर है। प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल अवश्य करनी चाहिए।'

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन पर आयोजित इस पर्यावरणीय पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

## अज्ञात चोर ने दुकान के ड्रावर से चुराये नगदी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/7/2026 के रात आमगांव मे फर्यादी अरुणकुमार राजाराम असाटी उम्र 56 वर्ष निवासी आमगांव की दुकान मे रात के समय अज्ञात चोर ने छत का टिन हटाकर दुकान मे प्रवेश कर ड्रावर मे रखे 21 हजार हजार रुपये चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 491/2026 धारा 305, ए,331,3, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा मेश्राम 157 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

## छत से घुसकर अज्ञात चोर ने उडाये 35 हजार रुपये मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/7/2026 के रात आमगांव मे अज्ञात चोर ने फर्यादी रूपम राजेन्द्र डोमळे उम्र 29 वर्ष निवासी आमगांव के दुकान के दरवाजे का कुंदा तोडकर दुकान मे प्रवेश कर ड्रावर मे रखे 35 हजार रुपये चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 492/2026 धारा 305, ए, 331,3, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा मन्यार 2088 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

## जहर पीने से तबीयत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगांव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 19/7/2026 के रात 9 बजे गोरेगाव मे लेकचंद गुरुचंद मेश्राम उम्र 32 वर्ष निवासी पळसगाव ने जहर पिया उसकी तबीयत खराब होने से उसे केटीएस अस्पताल ले गये जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉ चंद्रकांत बड़े के लिखीत मेमो पर पोस्टे गोरेगांव मे अकस्मात मौत क्रमांक 22/2026 धारा 194, भान्यासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा गौरीशंकर कोरे 1642 पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

## आनलाईन ठगी के पैसे लेनदेन की मदद करने पर हुवा मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 25/ 12/ 2026 के रात 11 बजे के दरम्यान पंकज भारत कुटारे उम्र 29 वर्ष निवासी अर्जुनी मोर ने अपना बँक खाता दूसरे को दिया उसमे 1 लाख 70 हजार रुपये ठगी के जमा होने से फर्यादी पोशी लोकेश मधुकर कोसरे पोस्टे अर्जुनी मोर की शिकायत पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 305/2026 धारा 318,4,61,2,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा संजय मेश्राम 213 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

# आमगांव में विश्वस्तरीय दंत चिकित्सा का भव्य शुभारंभ..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

***विदर्भ के प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ. अक्षत अग्रवाल जिन्होंने देश-विदेश से इस क्षेत्र में विभिन्न ड्रीग्रीया हासिल की है एवं उनको देश की विभिन्न विश्व विद्यालयों मे दंत की***

शिक्षा ले रहे डाक्टर छात्रो को प्रशिक्षण देने बुलाया जाता है इनकी भारत स्माईल दांत दवाखानो की श्रृंखला में आमगांव मे गोंदिया रोड पर आधुनिक, सुसज्ज, विशेषज्ञ, चिकित्सको की उपलब्धीयों के साथ नये दांत के दवाखाने का 26 जुलाई रविवार से शुभारंभ होने जा रहा है। इस सुविधा से आमगांव में सालेकसा, देवरी, लांजी, साखरीटोला आदि आदिवासी एवं पिछड़े क्षेत्र की जनता बच्चो, महिला, पुरुषो का अत्याधुनिक दंत चिकित्सा केंद्र हर समय विशेषज्ञ एवं अनुभवी डॉक्टर्स जिसमे डॉ. अक्षत अग्रवाल, डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल, डॉ. भाग्यश्री चौहान, डॉ. अर्शित घामसकर एवं डॉ. वैशाली पवार का समावेश है उपलब्ध रहेंगे ।

वर्तमान में भारत स्माईल के श्रृंखला के अंतर्गत गोंदिया सिवील लाईन्स चौक पर किडस् फेमिली डेटल सेंटर विगत 7 वर्षो से सफलता पूर्वक संचालित हो रहा है। इन सात वर्षो मे कई बच्चो को बेहोश करके एक साथ एक घंटे मे 16 दांतो की आर. सी. टी. की गई जिससे मरीज को कम दर्द में कम समय में शुकुन मिला है। अभी तक हजारो वृध्द पुरुष महिला बच्चो डॉ. अक्षत अग्रवाल की निपुणता का लाभ उठा चुके है ।

विशेष रुप से पुरे मुंह का एक साथ 32 दांतो की इंपलांट सर्जरी और मानसिक एवं शारीरीक रुप से अक्षम बच्ची का दांत का इलाज सफलतापूर्वक करने के कई उदाहरण है ।

# मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की अवधि बढ़ी, संशोधित समय-सारिणी जारी..

**जगप्रेरणा आमगांव।**

***राज्य में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण*** **(Special Intensive Revision - SIR)** ***2026 कार्यक्रम की अवधि बढ़ा दी गई है। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में संशोधित समय-सारिणी जारी की है।***

कोंकण, मुंबई तथा राज्य के अन्य कई क्षेत्रों में हुई भारी वर्षा के कारण पुनरीक्षण प्रक्रिया प्रभावित हुई थी। इसी कारण भारत निर्वाचन आयोग से कार्यक्रम की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। आयोग द्वारा मंजूरी मिलने के बाद संशोधित कार्यक्रम लागू किया गया है।

### संशोधित समय-सारिणी.

घर-घर जाकर सत्यापनः 30 जून 2026 से 8 अगस्त 2026 तक। मतदान केंद्रों का युक्तिकरण/पुनर्गठनः 8 अगस्त 2026 तक। मतदाता सूची के प्रारूप (ड्राफ्ट) का प्रकाशनः 17 अगस्त 2026 (सोमवार)। दावे एवं आपत्तियां स्वीकार करने की अवधिः 17 अगस्त से 16 सितंबर 2026 तक। दावे एवं आपत्तियों की सुनवाई एवं निस्तारणः 17 अगस्त से 15 अक्टूबर 2026 तक। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशनः 19 अक्टूबर 2026 (सोमवार)।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी संभागीय आयुक्तों, जिला कलेक्टरों, जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को संशोधित कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्थानीय स्तर पर सभी राजनीतिक दलों को संशोधित समय-सारिणी लिखित रूप में उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस अवधि वृद्धि से मतदाताओं को नाम दर्ज कराने, संशोधन, स्थानांतरण अथवा नाम हटाने संबंधी दावे एवं आपत्तियां दर्ज करने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। इससे मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन एवं समावेशी बनाने में सहायता मिलेगी।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
- टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
- इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
- (IUI) आय.यू.आय.
- अधिक उम्र में मातृत्व
- ओव्हम डोनेशन द्वारा
- बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
- पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
- शुक्राणु बैंक सुविधा
- सोनोग्राफी
- हार्मोंस की जांच
- हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
- दुरबीन द्वारा ऑपरेशन

डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### लोधी समाज व अन्य 33 जातियों को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल कराने

# केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटिक से सांसद प्रफुल पटेल व राजेंद्र जैन ने दिल्ली में की सकारात्मक चर्चा

जगप्रेरणा गोंदिया।

***आज संसद भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटिक से सांसद श्री प्रफुल पटेल एवं सांसद राजेंद्र जैन ने भेंट कर लोधी समाज को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल किए जाने के संबंध में सकारात्मक चर्चा की।***





इस दौरान श्री प्रफुल पटेल ने अवगत कराया कि महाराष्ट्र में निवासरत 33 जातियों, जिनमें लोधी जाति भी शामिल है, इनको राज्य की पिछड़ा वर्ग सूची में स्थान प्राप्त है। किंतु इन्हें अब तक केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल नहीं किए जाने के कारण समाज के लोगों को केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न योजनाओं एवं आरक्षण संबंधी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।


इस विषय पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटिक जी ने सांसद प्रफुल पटेल से गंभीरता से चर्चा करते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया कि लोधी समाज व अन्य 33 जातियों को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने की प्रक्रिया पर शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई करने का प्रयास किया जाएगा।

### 27 साल बाद मांग होगी पूरी, विधायक विनोद अग्रवाल के प्रयासों से

# सिविल लाइन और चंगेरा में 13 करोड़ की लागत से 33/11 केवी के 2 नए विद्युत सबस्टेशन हुए मंजूर..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***पिछले अनेक वर्षो से बिजली की समस्या से जूझ रहा गोंदिया विधानसभा अब विद्युतीकरण में हाईटेक होता जा रहा है। मंजूर होते नए-नए विद्युत सबस्टेशन, पुराने सबस्टेशन में लोड बढ़ोत्तरी और विद्युत केबलिंग में बदलाव से क्षेत्र में बिजली क्रांति की चमक देखी जा सकती है। ये सब बदलाव मात्र कुछ सालों में विधायक विनोद अग्रवाल के परिकल्पना से मुमकिन हो पाया है। वे आज गोंदिया में बिजली क्रांति में रोल मॉडल बनकर उभरे है।***



हाल ही में गोंदिया शहर के मध्य भाग सिविल लाइन हनुमान मंदिर के समक्ष 8 करोड़ रुपये लागत का नया 33/11केवी विद्युत सबस्टेशन एवं गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर के ग्रामीण क्षेत्र चंगेरा में 5 करोड़ लागत का 33 केवी एक नया सबस्टेशन मंजूर होने से शहरी व ग्रामीण भाग की जनता को विधायक विनोद अग्रवाल ने बड़ी राहत देने का कार्य किया है।

गोंदिया (सिविल लाइन) एवं चंगेरा में सबस्टेशन मंजूर होने से शहरी व ग्रामीण भाग के नागरिकों को बिजली की आंख मिचौली से बड़ी राहत मिली है। चंगेरा में सबस्टेशन मंजूर होने से जहां आसपास के 5 किलोमीटर अंतर्गत आने वाले गावों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी। वही गोंदिया शहर के मध्यभाग में 8 करोड़ की लागत से मंजूर सबस्टेशन निर्माण होने से बिजली व्यवस्था में बेहतर सुधार आएगा। चंगेरा में नया विद्युत उपकेंद्र मंजूर होने से झिलमिली, रावनवाड़ी और काटी के सबस्टेशन पर आने वाला भार कम पड़ेगा जिससे इन उपकेंद्रों में बिजली व्यवस्था सुचारू होगी। वही चंगेरा नया उपकेंद्र मंजूर होने से कोरणी, सतोना, जिरुटोला, बनाथर, कोचेवाही, बड़ेगाव, छोटा रजेगांव सहित अनेक गाँव को लोड की कमी से बड़ी राहत मिलेगी।

गौरतलब है कि एक तरफ विधायक विनोद अग्रवाल अनेक विकास कार्यो के तहत निरंतर कार्य कर रहे है वही गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या के आधार पर पुराने बिजली सिस्टम को सुधारित करने नए बिजली क्रांति पर भी काम कर रहे है। शहर के सिविललाइन, चंगेरा, बटाना, फुल्चुर, भीमघाट नए सबस्टेशन मंजूर होने के साथ ही कटंगटोला, रापेवाड़ा, रावणवाड़ी, झिलमिली, हिवरा, उपकेंद्रों पर लोड क्षमता को डबल किया गया वही काटी, दासगाव उपकेंद्रों पर लोड क्षमता डबल करने का प्रयास प्रगति पर है।

विधायक विनोद अग्रवाल ने बताया कि, आने वाले समय में गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के लिए आने वाली विद्युत मेन लाइन को भी डबल करने का प्रयास तेज है। वर्त्तमान में मुंडिपार सबस्टेशन से शहर और ग्रामीण को बिजली आपूर्ति होती है, जिसमें गोरेगाव का भी समावेश है। अब गोंदिया के आसपास नया मेन लाइन 33 केवी सबस्टेशन तैयार किया जायेगा जिससे बिजली की समस्या से बड़ी निजात मिलेगी। आने वाले समय में गोंदिया में बिजली का स्वरूप पूर्णतः बदलाव की ओर होगा और सभी को नियमित व नियंत्रित भार के साथ बिजली आपूर्ति होगी।

# गोंदिया में पहली बार अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन का 05 दिवसीय भव्य आयोजन..

### देशभर से जुटे 1,000 से अधिक किन्नरों की सेवा के लिये जुटी महाकाल सेना..

### 24 जुलाई को गोंदिया शहर में निकलेगी भव्य रैली..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया में पहली बार अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सर्वधर्म समभाव, सामाजिक समानता, शांति और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित***





इस सम्मेलन में देशभर से 1,000 से अधिक किन्नर (तृतीयपंथी) प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया है। यह 5 दिवसीय महासम्मेलन पोवार बोर्डिंग परिसर में 22 जुलाई से 26 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। किन्नर समाज अध्यक्ष निशा नायक के नेतृत्व और पहल पर अपने गुरु की पावन स्मृति में इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन गोंदिया में किया गया है। इस महासम्मेलन में केवल महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि देश की राजधानी दिल्ली, आर्थिक राजधानी मुंबई, सांस्कृतिक नगरी पुणे, पंजाब, हैदराबाद, गुजरात, कोलकाता, भोपाल, आगरा सहित कई राज्यों और प्रमुख शहरों से किन्नर समुदाय के लोग भारी संख्या में गोंदिया पहुँचे हैं।

### समुदाय की समस्याओं और अधिकारों पर विचार-मंथन

किन्नर समाज अध्यक्ष निशा नायक ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य किन्नर समाज की जमीनी समस्याओं, उनके मौलिक अधिकारों और पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने पर गंभीरता से विचार-मंथन करना है। सम्मेलन में समुदाय के सामने आ रही चुनौतियों, सामाजिक स्वीकार्यता और उनके अधिकारों को लेकर भी विशेष चर्चा सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

### धार्मिक अनुष्ठान और जन-कल्याण कार्यक्रम..

गोंदिया शहर में पहली बार होने वाले अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन में विशेष रुप से सहयोगी की भूमिका में महाकाल सेवा समिति के नेता लोकेश (कल्लु) यादव जुटे हुए हैं, जिन्होंने कार्यक्रमों के संबंध में बताया कि 05 दिवसीय इस किन्नर समाज महासम्मेलन में कार्यक्रमों की श्रृंखला में 24 जुलाई को पोवार बोर्डिंग से दोपहर 12 बजे एक भव्य महारैली निकाली जायेगी, जो कि ओवर ब्रीज से होते हुए जयस्तंभ चौक, गांधी प्रतिमा चौक, चांदनी चौक, दुर्गा मंदिर, मां भवानी मंदिर पहुंचेगी, जहां पर मंदिर में घंटा भेंट करेंगी, तथा सिंधी कालोनी से होते हुए यादव चौक, अंडरग्राऊंड होते हुए बाबा महाकाल जी के दर्शन करेंगे, पूजा अर्चना करेंगे, प्रसाद वितरण करेंगे। इसके उपरांत पाल चौक होते वापस रैली वापस पोवार बोर्डिंग पहुंचेगी। जगह जगह पर लोगों से इस रैली में स्वागत वंदन करने के लिये आहवान किया है, तथा शहर के गणमान्य बंधु, सामाजिक, राजनीतिक क्षेत के लोग किन्नर बहनों का भव्य अभिनंदन करेंगे, लोकेश (कल्लु) यादव ने बताया कि किन्नर समाज सम्मेलन में शामिल बहनें अंतिम दिन पूजा पाठ कर विधि विधान से अपने ईष्ट देव से संपूर्ण गोंदिया जिले की सुख शांति एवं समृद्धि की दुआएं मांगेंगी।

# स्व. अजितदादा पवार की जयंती पर राष्ट्रवादी कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजली अर्पित कर किया गया जनसेवा सप्ताह का शुभारंभ..

### स्व. अजितदादा पवार की जयंती पर राष्ट्रवादी कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजली अर्पित कर किया गया जनसेवा सप्ताह का शुभारंभ..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जनप्रिय लोकनेता स्वर्गीय अजितदादा पवार की जयंती के अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में***







संपन्न हुआ। सांसद प्रफुल्ल पटेल एवं राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन के मार्गदर्शन में 22 से 28 जुलाई तक पूरे जिले में जनसेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याण एवं लोकोपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को रेलटोली स्थित राष्ट्रवादी कांग्रेस भवन, गोंदिया में स्वर्गीय अजितदादा पवार के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने उनके अनुशासनप्रिय व्यक्तित्व, विकासोन्मुखी सोच, जनसेवा के प्रति समर्पण और समाजहित में किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान स्व. अजितदादा पवार के विचारों से प्रेरित वरिष्ठ नागरिकों का राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से जिला अध्यक्ष प्रेमकुमार रहांगडाले, वरिष्ठ नेता देवेंद्रनाथ चौबे तथा प्रदेश सचिव विनोद हरिणखेड़े के हाथों शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस नेता अशोक शहारे, राजलक्ष्मी तुरकर, विशाल शेंडे, शहर अध्यक्ष नानू मुदलियार, माधुरी नासरे, शिव शर्मा, केतन तुरकर, सतीश देशमुख, भगत ठकरानी, राज शुक्ला, कुंदा दोनोडे, रुचिता चव्हाण, छोटू पंचबुद्धे, राजेश दवे, आनंद ठाकुर, खालिद पठान, लखन बहेलिया, झनकलाल ढेकवार, टी. एम. पटले, विष्णू शर्मा, हरिराम आसवाणी, राकेश डोडवाणी, दीपक मूलसंधानी, विनायक गजघाट, इमरान शेख, हरबक्ष गुरुनानी, हर्षवर्धन मेश्राम, शैलेश वासनिक, चंचल चौबे, आर. डी. अग्रवाल, सचिन अवस्थी, सुनील पटले, धरमलाल रहांगडाले, कपिल बावनथडे, कुणाल बावनथडे, दिलीप डोंगरे, बिट्टू सोनपुरे, जितेंद्र येडे, श्रेयस खोब्रागड़े, लव माटे, किरण कावड़े, योगेश दर्वे, प्रदीप लांजेवार, अशोक चुटे, सुरेश पटले, सी. एच. हनवते, तुषार उके, रवी रामटेककर, संजीव बापट, टी. तुरकर, योगेंद्र कुमार जैतवार, भजेंद्र तुरकर, विष्णू ढेकवार, सुरजलाल पटले, चांदोराव बिसेन, राजा जैन, गेंदलाल तुरकर, सुखनंदन तुरकर, देवेंद्र तुरकर, विजय साहू, त्रिलोक तुरकर, वामन गेडाम, चिराग बावनथडे सहित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अजितदादा पवार की जयंती पर 'एक पेड़ दादा के नाम' अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण..

जगप्रेरणा गोंदिया।

लोकनेता, सेवाव्रती एवं विकास पुरुष स्व. अजितदादा पवार की जयंती के अवसर पर 'एक पेड़ दादा के नाम' अभियान के तहत ग्राम पंचायत कुड़वा के वार्ड 5 में वृक्षारोपण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाले इस अभियान में बड़ी संख्या में नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।






यह कार्यक्रम सांसद प्रफुल पटेल, श्रीमती वर्षा पटेल तथा राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने 'आज एक पेड़, कल हरित भविष्य' का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण को प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम में गणेश नागपुरे, शैलेश वासनिक, रौनक ठाकुर, नरेंद्र बेलगे, ऋषभ ठाकुर, लोकेश मिश्रा, राहुल मड़ावी, खोमराज पाचे, शिनोद दशरिया, गजेंद्र तुरकर, सुरेश राउत, जगदीश शेंद्रे, भोजराज गौतम, कैलाश बहे, बबलू चित्रीव, आनंद निम्बूड़कर, डॉ. गिरीश पुरी, तुलसी शांडे, लोकेश कुथे, राहुल बुरडे, कार्तिक भोयर, सचिन देशमुख, शैलेश केवट, मंगल साहरे, चीकू भोयर, पुरुषोत्तम नागपुरे, विनय बिसेन सहित वृक्षधरा फाउंडेशन, भावनी ग्रुप, अंगूरबागीचा मित्र परिवार एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संदेश देते हुए लोगों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया गया।

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

- सूचना - यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नहीं मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 98605 58902 पर संपर्क करें।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com